हरिभूमि
# रायपुर भूमि



चावड़ी भी खाली खाली नजर आ रही 600 से अधिक मजदूरों को 13 फरवरी तक मिल चुका प्रचार का काम



### 800 में दिनभर प्रचार

प्रचार में जा रहे मजदूरों ने हरिभूमि को बताया कि हर वार्ड में प्रचार करने प्रत्याशी को लगभग 20 लोगों की जरूरत पड़ रही है। 70 वार्ड में मजदूरी रोज अलग- अलग पार्टियों से प्रचार करने जा रहे हैं। राजनीतिक दलों द्वारा अभी से लोगों को साड़ी, खाद्य व प्रचार सामग्री और अन्य लुभाने वाली सामग्री पहुंचाने के लिए मजदूरों को काम पर लगा दिया है। सामान्य समय में दिहाड़ी मजदूर 8 घंटे काम का 500 रुपए लेते हैं, लेकिन चुनाव कार्य के लिए अपनी मजदूरी 400 रुपए बढ़ा दी है। मजदूरों ने बताया कि सप्ताह भर से चुनाव कार्य को लेकर लोग हमसे संपर्क कर रहे हैं। 10 दिनों का काम बताया जा रहा है।

# झंडा उठाने चाहिए भीड़, अब मजदूर बने 'पार्टी कार्यकर्ता', 8 घंटे का पारिश्रमिक 500 से 800 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

निगम चुनाव में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ बड़ी संख्या में निर्दलीय भी मैदान में हैं, इस वजह से प्रत्याशियों को अपना झंडा-बैनर उठवाने-लगवाने के लिए कार्यकर्ताओं का जुगाड़ करने में मशक्कत करनी पड़ रही है। ज्यादातर प्रत्याशी इसके लिए दिहाड़ी मजदूरों की मदद भी ले रहे हैं, जो रैलियों में हाथों में पार्टी का झंडा लिए दिनभर उनके साथ रहते हैं। घर-घर जाकर प्रचार भी करते हैं। इसके बदले में मजदूरों को भरपेट भोजन मिल जाता है और पैसे भी मजदूरी की तुलना में अधिक मिल रहे हैं। बता दें कि वार्ड में प्रत्याशियों के पास कार्यकर्ता सीमित संख्या में हैं। हर ▸▸ शेष पेज 11 पर

### दूसरे जिलों से भी बुला रहे मजदूर



रैलियों में प्रचार करने के लिए 13 फरवरी तक शहर के 600 से अधिक महिला व पुरुष मजदूरों को काम मिल चुका है। हरिभूमि से बातचीत में मजदूरों ने बताया कि सभी वर्ग के मजदूर इन दिनों वार्ड रैलियों में जा रहे हैं। इसीलिए अब प्रचार व अन्य सामग्री पहुंचाने अब दूसरे जिलों से भी मजदूरों को ▸▸ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### 62 पौवा देशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 6 फरवरी को ग्राम जय माता दी होटल के पास मंदिर हसौद में आरोपी खिलेन्द्र साहू निवासी देवरी साहूपारा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे 62 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत 6820 रुपए है। बताया गया कि आरोपी शराब स्कूटी में रखकर बेचने के लिए ले जा रहा था। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### मारपीट मामले में धरा गया बदमाश, जेल दाखिल

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने मारपीट के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी सोन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 1 फरवरी को आरोपी चंद्रशेखर उर्फ गोलू राजपूत उसे गांजा बेचने के लिए मजबूर कर रहा था। उसने जब इससे इंकार किया तो इस बात पर गोलू ने गांजे से हुए नुकसान के रूप में पांच हजार रुपए मांग करते हुए उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 351(2), 119 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### सूने मकान में धावा, नकदी समेत लाखों के जेवर पार

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने चोरी के मामले में अपराध दर्ज किया है। सरोना निवासी दीपक पांडे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर घर में प्रवेश किया और आलमारी में रखे नकदी 15 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर कुल जुमला दो लाख रुपए चोरी कर ले गया। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### तीन घरों का ताला तोड़ा लैपटॉप-टीवी किए पार

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित तीन सूने मकानों में अज्ञात चोर ने धावा बोलकर हजारों रुपए के सामान पार कर दिए। प्रार्थी मनमोहन सिंह ने राखी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सेक्टर 27 नवा रायपुर स्थित उसके सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर एक लैपटॉप, चार्जर व माउस चोरी कर ले गया। दूसरी चोरी की घटना में निखिल टंडन के सेक्टर-30 नवा रायपुर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर 2 लैपटॉप और चार्जर चोरी हुए हैं। इसी प्रकार तीसरी घटना में मनोज कामत के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लैपटाप व टीवी चोरी कर ले गया। पुलिस ने तीनों मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है।

युवती ताशकंद की, केस दर्ज, पुलिस कर रही पूछताछ

# वीआईपी रोड पर हादसा, विदेशी युवती का ड्रामा युवक के साथ पब से आ रही थी शराब पीकर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

वीआईपी रोड पर बुधवार देर रात को एक अनियंत्रित कार ने स्कूटी सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी, जिससे तीनों युवक बुरी तरह जख्मी हो गए। टक्कर मारने वाली कार में भारत सरकार लिखा हुआ है। कार में उस समय एक युवक और विदेशी युवती सवार थे। दोनों नशे में बताए गए हैं। घटना के बाद जब लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को हिरासत में लेकर थाने ले जाने का प्रयास करनी लगी, तो इस बात पर उसने हंगामा करते हुए हाई वोल्टेज ड्रामा किया। पुलिस को इसके बाद सख्ती दिखाते हुए युवती और युवक जिसे अधिवक्ता बताया जा रहा है, को हिरासत में लेकर थाने लाना पड़ा। पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है।

तेलीबांधा थाना प्रभारी ने बताया कि रात करीब साढ़े 12 बजे वीआईपी रोड पर एक कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। स्कूटी में ललित चंदेल, अरुण विश्वकर्मा एवं नीलकमल साहू सवार थे। तीनों अलग-अलग शहर के रहने वाले हैं, जो वीडियो शूटिंग का काम करते हैं। टक्कर लगने से स्कूटी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं तीनों को भी गंभीर चोटें आई हैं। इस घटना के बाद लोंगों ने कार ▸▸ शेष पेज 11 पर



### तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को ठोका

#### विदेशी युवती ने किया करीब आधे घंटे तक हंगामा

घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचने के बाद जब विदेशी युवती को हिरासत में लेकर थाने ले जाने का प्रयास किया तो उसने हंगामा करना शुरू कर दिया। युवती अपना मोबाइल नहीं मिलने को लेकर हंगामा करने लगी। पुलिस ने इस दौरान युवती को करीब आधे घंटे तक समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन जब वह नहीं मानी, तो पुलिस को युवती के साथ सख्ती से पेश आना पड़ा और उसे जबरन गाड़ी में बैठाकर थाने लाना पड़ा। थाने में अधिवक्ता और युवती दोनों का नशा उतरने के बाद पुलिस ने उनसे पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने दोनों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।





#### टूरिस्ट वीजा पर भारत आई है युवती

बताया गया कि उज्बेकिस्तान ताशकंद की रहने वाली नोदिया टूरिस्ट वीजा पर भारत घूमने आई है। वह रायपुर में कहीं रहती है। घटना के पहले युवक और युवती दोनों किसी पब में गए थे, जहां से निकलने के बाद दुर्घटना को अंजाम दिया। इससे पता चलता है कि दोनों ने कितनी मात्रा में शराब पी होगी। पुलिस ने दोनों की मेडिकल जांच भी कराई है। तेलीबांधा थाना प्रभारी नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस मामले में वकील और युवती दोनों के विरुद्ध नशे में गाड़ी चलाने और गैर इरादन हत्या का मामला दर्ज किया है। इसके तहत दोनों के विरुद्ध 181, 125ए एवं 110 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया है। दोनों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

#### दोनों के विरुद्ध अपराध दर्ज

घटना के समय कार की ड्राइविंग सीट पर दोनों बैठे हुए थे। दोनों नशे में पाए गए हैं, इसलिए इस मामले में दोनों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है।
- **लखन पटले,** एएसपी रायपुर

महाकुंभ जाने का किराया महंगा

# प्रयागराज का टिकट 77 हजार और वाशिंगटन का 50 हजार में! सिविल सोसाइटी जाएगी कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

महाकुंभ के दौरान प्रयागराज जाने वाली अधिकतर फ्लाइट के दाम आसमान छू रहे हैं। ना सिर्फ रायपुर, बल्कि देश के अन्य शहरों से भी प्रयागराज तक का सफर कई गुना अधिक बढ़ गया है। कुछ शहरों में यह किराया लाख रुपए तक पहुंच गया है। सर्वाधिक महंगी फ्लाइट अहमदाबाद से प्रयागराज की है। इस रूट की फ्लाइट का टिकट 76,964 रुपए से शुरू है, जबकि अहमदाबाद से वाशिंगटन (अमेरिका) जाने का किराया 50200 है।



*छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने लिखा खत, कहा- आम नागरिकों को लूट रही एयरलाइंस कंपनियां*

राजधानी रायपुर से प्रयागराज जाने वाली अधिकतर फ्लाइट की कीमत 20 हजार से अधिक है। एयरलाइंस द्वारा मनमाने तरीके से किराए में की गई वृद्धि का विरोध करते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्री से शिकात की है।

#### एयरलाइंस पर जुर्माने की मांग

उड्डयन मंत्री से शिकायत करते हुए चार मांगें द्वारा रखी गई हैं। उनका कहना है कि सभी एयरलाइंस के टैरिफ 3 महीने पहले के एल्गोरिदम के हिसाब से किया जाए। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन फैज अहमद किदवई को तुरंत बर्खास्त किया जाए। जिन यात्रियों से विगत एक महीने में ओवरचार्ज किया गया है, उनको 7 दिनों के भीतर पैसे वापस किए जाएं। इस पूरे महाकुंभ के दौरान दोषी एयरलाइंस पर 5000 करोड़ का जुर्माना लगाया जाए और जुर्माने की राशि से नए एयरपोर्ट का निर्माण किया जाए। छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी का कहना है कि यदि एक सप्ताह में कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे लीगल एक्शन लेने न्यायालय की शरण में जाएंगे।

# बदलेगा अंकसूची का प्रारूप, छात्रों की मानसिक और शारीरिक योग्यता का भी होगा जिक्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- होलेस्टिक प्रोगेस कार्ड : छात्र की लंबाई, वजन और व्यहार की होगी जानकारी

प्रदेश में पहली से बारहवीं कक्षा तक की अंकसूची के फॉर्मेट में बदलाव किया जाएगा। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत किया जा रहा है। अंकसूची में अब तक छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन का ही जिक्र होता रहा है, लेकिन छात्रों की अन्य गतिविधियों का भी उल्लेख अंकसूची में होगा। छात्रों की मानसिक और शारीरिक योग्यता का भी इसमें जिक्र किया जाएगा। इसे होलेस्टिक प्रोगेस कार्ड नाम दिया गया है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि छात्रों की संपूण क्षमताएं ज्ञात हो सके और इसके अनुसार ही




छात्रों के विकास के लिए रणनीति बनाते हुए कार्य किया जाएगा।

पहली से बारहवीं कक्षा तक सभी क्लास के अंकसूची का प्रारूप बदलेगा। अंकसूची निर्माण के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा टेंडर किया जा चुका है। प्रारूप भेजने के साथ ही अन्य कार्रवाई भी पूरी कर ली गई है। इसलिए यह बदलाव मौजूदा शैक्षणिक सत्र से नहीं होगा। अगले सत्र में इस कार्य किया जाएगा। यह पूरी योजना अभी प्राथमिक चरण में है। ऐसे में अगले सत्र में भी सभी कक्षाओं के लिए इसे लागू करने पर संशय है।

#### सभी बोर्ड का प्रारूप एक जैसा

*परख के माध्यम से सभी राज्यों के बोर्ड एकरूपता पर कार्य कर रहे हैं। इसके अंतर्गत ही होलेस्टिक प्रोगेस कार्ड पर कार्य किया जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल में भी इसे लेकर विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। यहां आकलन के बारे में जानकारी दी गई। आकलन के विभिन्न प्रकार पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वर्तमान आकलन के तरीके में भविष्य में किस प्रकार परिवर्तन होगा और आकलन कैसी होगा, इसके बारे में बताया गया। मास्टर ट्रेनर्स इस तरह के प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से तैयार किए जा रहे हैं। मास्टर ट्रेनर्स शिक्षकों को होलेस्टिक प्रोगेस कार्ड तैयार करने प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।*

#### 360 डिग्री रिपोर्ट है होलेस्टिक प्रोग्रेस कार्ड

होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (एचपीसी) यानी समग्र प्रगति कार्ड, छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन का मूल्यांकन करने का एक नया तरीका है। यह एक 360 डिग्री रिपोर्ट है, जिसमें छात्र के विकास और सीखने के कई पहलुओं को शामिल किया जाता है। इसमें अंकों या ग्रेड पर निर्भरता नहीं होती है। एनसीईआरटी के अंतर्गत कार्यरत परख ने एचपीसी का मॉड्यूल तैयार किया है। पिछले साल इसे सीबीएसई संचालित कुछ स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत लागू किया गया था। इसमें वर्गवार हासिल ग्रेड के साथ ही बच्चे की लंबाई, वजन और व्यवहार की जानकारी दी जाएगी।

# ईडी के जोनल दफ्तर का नया पता नेताजी सुभाष स्टेडियम




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- निवृत्तमान महापौर ढेबर के शासकीय आवास के बगल में शिफ्ट किया गया दफ्तर

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी छत्तीसगढ़ का सब जोनल ऑफिस टिकरापारा के पुजारी पार्क से नेताजी सुभाष स्टेडियम स्थित महापौर दफ्तर के पास शिफ्ट किया गया है। स्टेडियम परिसर की दूसरी मंजिल पर ईडी दफ्तर बनाया गया है। 15 फरवरी तक शिफ्ट करने की तैयारी थी, लेकिन फिनिशिंग के बाद इसे 6 फरवरी को ही स्थानांतरित किया गया। बताया जाता है कि नया दफ्तर पुराने कार्यालय से तीन गुना बड़ा है। यहां पूछताछ के लिए इंट्रोगेशन रूम, अफसरों के चेंबर, रिकॉर्ड रूम, आधुनिक मशीनों के साथ डिजिटल एविडेंस लैब भी बनाए गए हैं। ईडी ने विगत 25 जनवरी को ही अपने मुख्यालय और देशभर के जोनल, सब जोनल आफिस के नए सेटअप ▸▸ शेष पेज 11 पर

# ठगों ने महिला को गहनों की जगह कागज का बंडल थमाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भूखों को खाना खाने के लिए पैसे देकर भलाई करना एक बुजुर्ग महिला को भारी पड़ा। भूख का बहाना करने वाले लोग ठग निकले जो पैसे लेने के बाद महिला को अपने साथ खाना खिलाने के बहाने रेलवे स्टेशन परिसर ले गए और उसके गहनों को पहले किसी बहाने उतरवा लिया और फिर गठरी में कागज के बंडल रखकर उसे लौटाकर गहने लेकर फरार हो गए।

गोलबाजार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चंगोराभाठा आरडीए कालोनी निवासी 60 वर्षीय मालती यादव 3 फरवरी को दोपहर करीब ढाई बजे गोलबाजार स्थित बंजारी मंदिर के पास खड़ी थी। इसी दौरान अज्ञात दो युवक और एक महिला उसके पास आए और खाना खाने के लिए पैसे मांगे। मालती को उन्हें भूखा देख दया आ गई और उसने अपने पर्स से 5 सौ रुपए निकालकर तीनों को दे दिए। रुपए मिलने के बाद तीनों ने मालती से भी कहा कि आप ▸▸ शेष पेज 11 पर






पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# एक दिन में चार डिग्री गिरा पारा, 48 घंटे बाद फिर चढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

फरवरी में ही मार्च जैसी भीषण गर्मी का सामना कर रहे लोगों को गुरुवार को राहत का अहसास हुआ। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने के कारण एक ही दिन में तापमान में 4 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। रायपुर का तापमान बुधवार को



35.4 डिग्री था, जो गुरुवार को 31.7 डिग्री पहुंच गया। तापमान में इतनी गिरावट के बाद ▸▸ शेष पेज 11 पर

#### अंबिकापुर में अभी भी ठंड

राजधानी में जहां लोगों को मार्च माह की अनुभूति हो रही है तो वहीं अंबिकापुर में लोगों को अभी भी ठंड का अहसास हो रहा है। प्रदेश के मुख्य शहरों में सबसे कम तापमान अंबिकापुर में ही है। यहां अधिकतम तामपान 25.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.1 डिग्री रहा। अधिकतम और न्यूनतम ▸▸ शेष पेज 11 पर

हलचल

भाजपा की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे की जनसंपर्क रैलियों में उमड़ रही भीड़

# केंद्र, राज्य और निगम में भाजपा की सत्ता से होगा बेहतर विकास

रायपुर। भाजपा से महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने गुरुवार को अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत रायपुर उत्तर विधानसभा अंतर्गत कालीमाता वॉर्ड शक्तिनगर से की। वे लगातार चुनाव प्रचार के लिए विभिन्न वार्डों का दौरा कर रही हैं। इस दौरान उनके साथ प्रत्येक वॉर्ड के पार्षद प्रत्याशी भी जनता से लगातार आशीर्वाद मांग रहे हैं। महापौर प्रत्याशी समेत सभी पार्षद प्रत्याशियों को जनता से बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। भाजपा की योजनाओं को लेकर कार्यकर्ता भी लगातार जनता के बीच पहुंचकर जनसमर्थन जुटा रहे हैं। गुरुवार को उत्तर विधानसभा में रैली के दौरान उनके साथ विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी प्रत्याशी मीनल चौबे को विजयी बनाने जनता से अपील की।



## रायपुर निगम में भाजपा का महापौर बनने से बहेगी विकास की त्रिवेणी : मीनल

भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे ने गुरुवार को अपने चुनाव प्रचार के दौरान कई स्थानों पर जनता से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि आप सभी से मिल रहा स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी ऊर्जा का स्त्रोत है। समय कम होने के कारण दुगुना परिश्रम करना है, परंतु जनता से मिल रहे अपार स्नेह और वरिष्ठजनों से मिल रहे आशीर्वाद से अलग ही ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा, मैं जनता के अपार स्नेह की ऋणी हूं और यह संकल्प लेती हूं कि रायपुर नगर निगम को सर्वश्रेष्ठ नगर निगम बनाकर जनसमस्याओं का निवारण प्राथमिकता से करूंगी। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी, प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायजी के बाद अब रायपुर नगर निगम में भाजपा का महापौर बनने से रायपुर नगर निगम में विकास की त्रिवेणी बहेगी। निश्चित तौर पर तीनों जगह भाजपा की सत्ता होने से नगर निगम के विकास को गुणात्मक गति मिलेगी।

## कांग्रेस ने निगम को बना दिया दलाली का अड्डा : पुरंदर

रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे और रायपुर उत्तर विधानसभा के 7 वार्डों के प्रत्याशियों के लिए उत्तर की जनता से मतदान स्वरूप आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि रायपुर उत्तर की जनता ने मुझे अपने अपरिमित स्नेह, सहयोग और आशीर्वाद से विधायक बनाया है। भाजपा के मजबूत कार्यकर्ताओं और रायपुर उत्तर की श्रेष्ठकर जनता के बल पर हमने विधानसभा चुनाव में 20 हजार से अधिक मतों की बड़ी जीत हासिल की। उसके पश्चात लोकसभा चुनाव में हमने भाजपा को बड़ी लीड दिलाई थी। आप सभी के सहयोग और प्रेम के बल से मैं आश्वस्त हूं कि रायपुर नगर निगम चुनाव में महापौर के रूप में मीनल चौबे और सभी वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों को बड़ी मतांतर से जीत दिलवाएंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस के नेताओं ने नगर निगम को दलाली का अड्डा बना दिया। जनता की सुविधा के हर काम के लिए घूस की धनराशि तय है और निगम के सारे ठेकों में गुणवत्ता आधार नहीं है, अपितु आप किस कांग्रेस नेता के करीबी हो, यह आधार रह गया था।

## जनता ने पुष्पवर्षा से किया स्वागत

भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे ने 7 वार्डों में जनसंपर्क रैली निकालकर जनता से आशीर्वाद मांगा। शक्तिनगर से शुरू हुई चुनाव प्रचार रैली में श्रीमती चौबे के साथ भाजपा की पार्षद प्रत्याशी साधना साहू प्रचार रैली में वॉर्ड के मुख्य चौक-चौराहों और मोहल्लों से होते हुए आगे बढ़ीं। इस दौरान जगह-जगह स्थानीय जनता ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, अनेक स्थानों पर रैली का भव्य स्वागत किया गया, जहां प्रत्याशियों को स्थानीय नागरिकों ने पुष्पमाला पहनाकर उत्साह बढ़ाया। शक्तिनगर से होते हुए वे शंकर नगर वॉर्ड में भाजपा प्रत्याशी राजेश गुप्ता के साथ वार्ड में जनसंपर्क रैली करते हुए, गुरु गोविंद सिंग वॉर्ड में कैलाश बेहरा, पं. रविशंकर शुक्ल वॉर्ड में ज्ञानचंद चौधरी, हवलदार अब्दुल हमीद वॉर्ड में ज्ञानचंद चौधरी, इंदिरा गांधी वॉर्ड में अवतार बागल और मौलाना अब्दुल रऊफ वॉर्ड में घनश्याम रक्सेल के साथ क्षेत्र में रैली की शक्ल में जनसंपर्क करते हुए स्थानीय गणमान्य नागरिकों से भेंट भी की। श्रीमती चौबे की जनसंपर्क रैली में उनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा, महिला मोर्चा और युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संत रविदास वार्ड नंबर 70 में सरोना बीएसयूपी में सीवरेज समस्या, साफ-सफाई और गरीबों के लिए पट्टा प्रमुख मुद्दा

**वार्ड नंबर - 70**
संत रविदास वार्ड

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | : 12,666 |
| पुरुष मतदाता | : 6,390 |
| महिला मतदाता | : 6,272 |
| तृतीय लिंग मतदाता | : 4 |

**शामिल एरिया**
सरोना बस्ती, बाजार पारा, सतनामी पारा, संजयनगर, चंदनीडीह, ट्रांसपोर्ट नगर श्रीराम टावर, एम्स हास्पीटल एरिया, आजाद नगर, अरिहंत नगर, राजीव नगर।




- भाजपा की हेट्रिक, कांग्रेस ने एक बार जीत का परचम लहराया
- कांग्रेस से देवेन्द्र साहू का सीधा मुकाबला भाजपा के अर्जुन यादव से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के आउटर में बसे संत रविदास वार्ड नंबर 70 में भाजपा का दबदबा रहा है। वार्ड से 3 बार भाजपा ने पार्षद पद की कुर्सी पर कब्जा जमाया, जबकि एक बार कांग्रेस ने जीत का स्वाद चखा। वार्ड के सरोना में नगर निगम की दो बीएसयूपी कालोनी है, जबकि टाटीबंध की बीएसयूपी कालोनी भी इसी वार्ड का हिस्सा है।

सरोना के 2 बीएसयूपी कालोनी में 18-18 ब्लाक बने हैं, यहां का जहां सीवरेज का ध्वस्त सिस्टम हो चुका है, वहीं जर्जर आवास में लोग रहने विवश हैं। वार्ड में सफाई की लचर व्यवस्था चुनाव का प्रमुख मुद्दा बना हुआ है। सालों तक शहरभर का कूड़ा करकट डंप होने वाले सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड को समाहित किये संत रविदास वार्ड में पहली बार पार्षद चुनाव 2004 में हुआ, जिसमें भाजपा प्रत्याशी मायाराम ने कांग्रेस प्रत्याशी डेंजिल राम को 36 वोटों से हराया। दूसरी बार के निगम चुनाव में इस वार्ड से कांग्रेस की महिला प्रत्याशी धनेश्वरी ध्रुव चुनाव जीतकर पार्षद बनीं। तीसरी बार के वार्ड चुनाव में कांग्रेस से सोमनलाल ठाकुर ने भाजपा प्रत्याशी को मात देते हुए कांग्रेस को पहली बार इस वार्ड से पार्षद की कुर्सी तोहफे में दी। तत्कालीन महापौर प्रमोद दुबे के कार्यकाल में उन्हें जोन 8 का जोन अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान सोमनलाल ठाकुर ने वार्डवासियों के साथ मिलकर सरोना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में खुले में डंप कूड़ा करकट से उठने वाली बदबू और इससे वार्डवासियों की सेहत पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव का मुद्दा उठाकर रामकी कंपनी की गाड़ियां रोकने चक्का जाम किया। जनता के आक्रोश के बाद यहां से नगर निगम को ट्रेंचिंग ग्राउंड सकरी में शिफ्ट करना पड़ा। इस बार के चुनाव में बीएसयूपी कालोनी का सीवरेज सिस्टम प्रमुख मुद्दा है।

### आमने-सामने

## पांच साल में विकास काम ठप

पिछले पांच साल में वार्ड की हालत बेहद खराब हो गई है। विकास कार्य ठप रहा। सरोना के 2 बीएसयूपी कालोनी में सीवरेज की समस्या सोचनीय है। नगर निगम से प्रत्येक बीएसयूपी कालोनी की मरम्मत, सीवरेज सिस्टम सुधारने 50 लाख दिये गये पर यहां केवल रंगरोगन कर खानापूर्ति की गई। सरोना के 2 बीएसयूपी कालोनी में 18-18 ब्लाक में सैकड़ों परिवार रहते हैं, उनकी अनदेखी की गई। 5 साल तक यहां के पार्षद वार्ड से नदारद रहे। आवास हीनों को आवासीय पट्टा दिलाना हमारी प्रमुख प्राथमिकता रहेगी। साथ ही सफाई व्यवस्था और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को सुधारने पर जोर दिया जायेगा।



देवेन्द्र साहू
कांग्रेस प्रत्याशी

## आरोप निराधार

कांग्रेस के पूर्व विधायक के कार्यकाल में वार्ड विकास का कार्य प्रभावित रहा, जबकि भाजपा के पूर्व मंत्री व तत्कालीन विधायक राजेश मूणत ने वार्ड विकास का पूरा काम कराया। वार्ड में पानी और निकास नाली की समस्या दूर करना प्राथमिकता रहेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना में जरूरतमंदों को पट्टा वितरण और महतारी वंदन योजना में जिन महिलाओं का पैसा नहीं मिला उसके खाते में रूकी हुई राशि दिलवाने प्रयास करेंगे।



अर्जुन यादव
भाजपा प्रत्याशी

## विधायक सोनी ने गिदवानी के पक्ष में किया चुनाव प्रचार



रायपुर। पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक-57 से भाजपा प्रत्याशी अमर गिदवानी ने अपने चुनाव प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है। वार्ड में जनसंपर्क और सभाओं का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने अमर गिदवानी के पक्ष में प्रचार करते हुए जनता से भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने की अपील की। विधायक श्री सोनी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, अमर गिदवानी वार्ड के विकास के लिए संकल्पित हैं। वे जनता की समस्याओं को भली-भांति समझते हैं और उनका समाधान निकालने की क्षमता रखते हैं। भाजपा की नीति और नीयत विकासपरक है और अमर गिदवानी इसी सोच के साथ जनता की सेवा के लिए तत्पर हैं। श्री गिदवानी ने वार्ड में घर-घर जाकर जनता से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सिर्फ एक पार्षद चुनने का नहीं, बल्कि वार्ड विकास की दिशा तय करने का है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने जो योजनाएं चलाई हैं, उन्हें जमीनी स्तर पर पहुंचाने के लिए आपका सहयोग जरूरी है। वार्ड में अमर गिदवानी के समर्थन में कई जगह सभाओं और पदयात्राओं का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी गई। युवा, व्यापारी, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक भाजपा के पक्ष में खुलकर समर्थन कर रहे हैं। प्रचार अभियान में मुख्य रूप से हेमलता चंद्राकर, मुकेश पंजवानी, राजेश थोरानी, राहुल चांदनी, फारूक बेग, महेंद्र उपाध्याय, पल्लवी पांडे और गायत्री समेत अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

## गज्जू साहू का वादा, वार्ड के हर घर में बहेगी विकास की गंगा



रायपुर। वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक-16 में भाजपा प्रत्याशी गज्जू साहू का सघन जनसंपर्क यथावत जारी रहा। उन्होंने अपने वार्ड में प्रत्येक मतदाता से संपर्क कर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि वे भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर उक्त योजनाओं से जनता को अवगत कर सकें, जिससे मतदाताओं को उन योजनाओं और भविष्य में होने वाले विकास कार्यों की भूमिका पता चल सके। इसी क्रम में गुरुवार को गज्जू साहू के जनसंपर्क और प्रचार अभियान में उनके साथियों, कार्यकर्ताओं ने वार्ड नंबर 16 संतोषी नगर क्षेत्र एवं सोनिया नगर में जनसंपर्क किया। इस दौरान मोहन उपारकर, गोदावरी साहू, के. सत्या बाबू, सुंदर लहरे, विजय प्रजापति, दुर्वासा मटाले, भाऊ सिंह ठाकुर, रूपेश साहू, गोविंद सोनवानी, महेश लहरे, रामेश्वर लहरे, गजानंद सिन्हा, अनिल सोनवानी, हेमंत साहू, शम्मी यादव, बबलू, राहुल साहू, दीपेश साहू, लक्ष्मण राव, राजू महाराणा, कृष्णा साहू, मेघा नेवारे, राधिका गुप्ता, युगल किशोर वर्मा, वेंकट बाबू आदि का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। यह समस्त जानकारी गुढ़ियारी मंडल भाजपा मीडिया प्रभारी बालकिशन साहू ने दी।

## भाजपा प्रत्याशी पुष्पा रोहित साहू को मिल रहा जनता का अपार समर्थन



रायपुर। वार्ड क्रमांक 31 से भाजपा पार्षद प्रत्याशी पुष्पा रोहित साहू लगातार जनसंपर्क कर रही हैं और घर-घर जाकर जनता से समर्थन मांग रही हैं। चुनावी माहौल में उनके अभियान को वार्डवासियों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। इसके अंतर्गत गुरुवार को वार्ड में स्थित गायत्री नगर, सेलटैक्स कॉलोनी, नीलांचल बिहार आदि जगहों पर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान जनता से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। पुष्पा रोहित साहू ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान वार्ड के नागरिकों से संवाद किया और भाजपा के विकास कार्यों को सामने रखा। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से विकास की राजनीति करती आई है। हमारे वार्ड को और बेहतर बनाने के लिए मैं पूरी ईमानदारी और मेहनत से काम करूंगी। आपकी हर समस्या का समाधान मेरी पहली प्राथमिकता होगी। जनसंपर्क के दौरान कई स्थानीय नागरिकों ने पुष्पा रोहित साहू को समर्थन देने की बात कही। वार्ड के बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं ने उनके नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कहा कि भाजपा के प्रत्याशी वार्ड की बेहतरी के लिए काम करेंगे। पुष्पा रोहित साहू ने जनता से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार द्वारा चलाए गए विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं को सही ढंग से लागू करवाना और जरूरतमंदों तक उनका लाभ पहुंचाना मेरा लक्ष्य रहेगा। चुनाव प्रचार के दौरान वार्ड के गणमान्य नागरिक, भाजपा पदाधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इनमें मुख्य रूप से मोहित साहू, देवराज पारधी, विजेंद्र यादव, रजत कुमार, मलानी जी, लोकमनी साहू, बलदाऊ यादव, हनी पाल आदि उपस्थित रहे।

## सतनाम जहां भी जाएंगे, विकास की गंगा बहाएंगे

### कांग्रेस प्रत्याशी के प्रचार में उमड़ा जनसमूह





रायपुर। टिकरापारा वार्ड क्रमांक 63 से कांग्रेस प्रत्याशी सतनाम पनाग के समर्थन में जनसैलाब उमड़ पड़ा। लगभग 1500 लोगों की भीड़ ने श्री पनाग के समर्थन में 11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में उन्हें पूर्ण बहुमत से विजयी बनाने का वादा किया। कांग्रेस प्रत्याशी सतनाम सिंह पनाग ने टिकरापारा क्षेत्र के यादव मोहल्ले से नूतन स्कूल, बुद्ध विहार, पटेल चौक होते हुए नंदी चौक तक जनता से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए उनको आश्वासन दिलाया कि मेरा लक्ष्य युवाओं को, वार्ड की महिलाओं को रोजगार दिलाना, ये ही मेरा संकल्प है। श्री पनाग ने चुनाव में अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। टिकरापारा के विभिन्न क्षेत्रों में डोर-टू-डोर संपर्क कर लोगों से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को पंजा छाप में बटन दबाकर जिताने की अपील की। इस अवसर पर महिलाओं ने कहा, सतनाम सिंह पनाग हम सभी की बुलंद आवाज हैं, जनता की हितों को लेकर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करते हैं, लोगों के कार्यों को करते हैं। यह समय बदलाव का है, यह समय सतनाम को पार्षद बनाने का है, सतनाम पनाग एक जननेता हैं, जो जनता के लिए समर्पित हैं। कांग्रेस प्रत्याशी श्री पनाग ने कहा, मैं नेता नहीं टिकरापारा का बेटा हूं, यहीं जन्मा हूं और अंतिम सांस तक टिकरापारा की जनता की सेवा करूंगा। साथ ही विकास का एक नया अध्याय लिखूंगा और टिकरापारा को रायपुर छत्तीसगढ़ में मॉडल के रूप में पेश करूंगा।

## संतोष साहू का जनसंपर्क, मिल रहा जनसमर्थन



रायपुर। भाजपा पार्षद उम्मीदवार संतोष साहू के सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान सभी समाजों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। तेलीबांधा सिंधी पंचायत कॉलोनी के मतदाताओं ने वार्ड प्रत्याशी श्री साहू को भारी मतों से जिताने का आश्वासन दिया है। गुरुवार को मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक-47 के भाजपा प्रत्याशी संतोष साहू ने अपने मतदाता जागरूकता जनसंपर्क अभियान के तहत तेलीबांधा के सिंधी पंचायत कालोनी में गली नंबर-1 से गली नंबर 7 तक सघन जनसंपर्क कर भाजपा की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे के लिए एवं वार्ड विकास के लिए आम नागरिकों से जनसमर्थन मांगा। उन्हें सिंधी पंचायत समाज का अपार जनसमर्थन मिल रहा है और मतदाताओं ने 11 फरवरी को सबसे पहले मतदान, फिर जलपान करने के लिए संतोष साहू को आश्वस्त किया है। साथ ही सनातनी हिंदुओं को अधिक से अधिक मतदान कर रायपुर नगर निगम में भाजपा प्रत्याशियों को पहुंचाने का जोरदार समर्थन देने का वादा आम नागरिकों ने किया है। उक्त अवसर पर सिंधी पंचायत तेलीबांधा के समाजसेवी, सीमा साहू, राजू राघवानी, मित्रसेन धीमान, सोनू सलूजा, पोल्ले भारद्वाज, सुनील कुकरेजा, मोहन नेभानी, कुबेरराम सपहा, रवि रचदानी, सुरेश रंगलानी, किशोर आहूजा, रवि चरयानी, राजू साहू, नीलू साहू, बबलू पाठक, सुमित यादव, पंकज प्रधान, अजित खुरा, अमृत चौहान, सोनी खुरा, बेडी प्रधान, सीता साहू, टिकेश्वरी वर्मा, मंजू यादव कुसुम साहू समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## चिखली में भागवत कथा जारी

**आरंग।** ग्राम चिखली में 5 फरवरी से जारी श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का समापन 13 फरवरी को होगा। जिसमें कथावाचक पंडित अशोक कृष्ण शर्मा है। कार्यक्रम में 7 फरवरी को वराह अवतार, 8 को वामन प्रसंग, 9 को कृष्ण जन्मोत्सव, 10 को बाल लीला ब्रज में होली, 11 को रुखमणी विवाह, 12 को सुदामा चरित्र, 13 को गीता पाठ सहस्त्रधारा के साथ कथा का समापन होगा।

## आरंग में सामूहिक उपनयन संस्कार आज

**आरंग।** ब्राम्हण समाज भवन खरोरा रोड आरंग में 7 फरवरी को सामूहिक उपनयन संस्कार समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे से प्रारंभ होगा।

## सीएम की आज चिरमिरी में आमसभा, अंबिकापुर और बिलासपुर में रोड शो



रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने नगर निगमों में पूरी ताकत झोंक दी है। सभी 10 नगर निगमों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभाएं और रोड शो तय किए गए हैं। 5 फरवरी से इसका आगाज हो चुका है। अब शुक्रवार मुख्यमंत्री की चिरमिरी में आमसभा और अंबिकापुर के बाद बिलासपुर में रोड शो होगा। भाजपा का पूरा फोकस नगर निगमों पर है। भाजपा सभी 10 निगमों में जीत की रणनीति पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ बड़े नेताओं की सभाएं नगर निगमों में कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने एक दिन पहले कोरबा और रायगढ़ में रोड शो और सभाएं की हैं। गुरुवार को उनका रोड शो राजनांदगांव में हुआ। अब शुक्रवार को सबसे पहले सुबह को 11 बजे चिरमिरी में आमसभा रखी गई है। इसके बाद अंबिकापुर में 2 बजे से रोड शो होगा। इसके बाद बिलासपुर में शाम 5 बजे से रोड शो प्रारंभ होगा। 8 फरवरी को बस्तर और दुर्ग में रोड शो होगा। अंत में चुनाव प्रचार थमने से पूर्व 9 फरवरी को पहले धमतरी और इसके बाद दोपहर को रायपुर में रोड शो होगा।

## कथा में श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन...



**तरपोंगी।** बुधवारी बाजार चौक तरपोंगी में भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक पंड़ित गणेश प्रसाद तिवारी ने कृष्ण बाल लीला व माखन चोरी की कथा विस्तार पूर्वक बताया। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक है। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

## अवैध शराब बिक्री से त्रस्त ग्रामीणो ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- ठोस कार्यवाही की मांग की

शासन-प्रशासन से लगातार गुहार लगाने के बाद भी अवैध शराब बिक्री पर लगाम न लगने से त्रस्त व आक्रोशित ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव के दौरान ही इस पर स्थायी रोक लगाने व लिप्त तत्वों के खिलाफ ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही की मांग को लेकर पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित मंदिर हसौद थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है व इसकी प्रतिलिपि जनप्रतिनिधियों को सौंप जनभावना की सम्मान कराने का आग्रह किया है। पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, थाना प्रभारी अविनाश सिंह को बीते बुधवार 5 फरवरी को सौंपे गये इस ज्ञापन की प्रति क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल, क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह साहेब व शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा को प्रदत्त की गई है। ज्ञापन में पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के गृह ग्राम होने की जानकारी देते हुए बताया कि लगातार शिकायत व पुलिसिया कार्यवाही के बाद भी इसमें लिप्त तत्व अपने गतिविधियों से बाज नहीं आ रहे हैं, जिसके चलते ग्राम में अशांति का वातावरण बना रहता है और कभी भी कोई अनहोनी घटना घटित हो सकता है। ग्राम में जुआ होने की जानकारी देते हुये इनमें लिप्त तत्वों के खिलाफ ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही करने व इन असामाजिक गतिविधियों पर स्थायी रोक लगाने कठोर कार्यवाही का आग्रह किया है। श्री शर्मा ने शासन-प्रशासन की विफलता पर ग्रामीणों को एकजुट हो आंदोलनात्मक कदम उठाने का आग्रह किया है व उनके अभियान को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन देते हुये संपन्न होने जा रहे पंचायत चुनाव में इसे एक मुद्दा बनाने व शराब-जुआ व इनमे लिप्त तत्वों के प्रति नरम रुख अपनाने वाले प्रत्याशियों को सबक सिखाने का आग्रह किया है। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार खासकर एक आपराधिक रिकार्डधारी असामाजिक तत्व ने आतंक मचा रखा है और ग्रामीणों को चुनौती देते हुए खुले आम शराब बेच रहा है तथा उसके आतंक के चलते ग्रामीण सामने आने से कतराते हैं। ज्ञापन में सरपंच वीर सिंह वर्मा, उपसरपंच प्रहलाद साहू, पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण ठाकुर, परमानंद सिंह ठाकुर, नूतन साहू, टेकराम साहू, रामनारायण सिंह ठाकुर आदि सहित सरपंच संघ के अध्यक्ष गोपाल धीवर के हस्ताक्षर है। इधर पंचायत चुनाव के चलते कई ग्रामों में पियक्कड़ों की बन आने व कई प्रत्याशियों के घर इनके जमावड़ा लगने की जानकारी कई ग्रामों के ग्रामीणों से मिल रही है।

## स्कूल में पालकों का हंगामा, लगाया धोखाधड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



आरंग स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में बच्चों के भविष्य के साथ गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। कृष्णा पब्लिक स्कूल को सीजी बोर्ड से मान्यता प्राप्त होने के बाद भी प्रबंधन ने बच्चों को सीबीएसई बोर्ड पढ़ाई के नाम पर एड्मिशन करा लिया। पालकों से सीबीएसई बोर्ड की महंगी फीस ले ली गई, सालभर बच्चों को सीबीएसई कोर्स की पढ़ाई कराई गई, लेकिन बच्चों का रजिस्ट्रेशन सीजी बोर्ड में कर दिया। अब 5वीं और 8वीं के बच्चों को सीजी बोर्ड में एग्जाम देना होगा। केंद्रीकृत परीक्षा की तारीखों के ऐलान के बाद इस मामले का पूरा खुलासा हुआ, जिसके बाद पालकों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया है। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल ने बताया कि संभागीय संचालक ने जांच के दिए निर्देश दिए हैं। वहीं इस मामले की सूचना मिलने के बाद पालकों ने स्कूल में हंगामा खड़ा कर दिया है। बता दें इस स्कूल में सीआरपीएफ जवानों के बच्चों समेत सैकड़ों बच्चे अध्ययनरत हैं। पालकों ने स्कूल प्रबंधन पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पालकों ने बताया कि बच्चों के एडमिशन के समय उन्हें सीबीएसई से मान्यता प्राप्त होने की जानकारी दी गई थी। जबकि स्कूल को सीजी बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। अब बच्चों का रजिस्ट्रेशन सीजी बोर्ड में कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि साल भर सीबीएसई की पढ़ाई के बाद 1 महीने में सीजी बोर्ड को लेकर बच्चों की तैयारी कैसे हो पाएगी..?

## निधन

### मीरा शर्मा



रायपुर। ब्राह्मणपारा निवासी मीरा शर्मा का 5 फरवरी को निधन हो गया। वे कैलाशपति शर्मा की पत्नी और स्व. मुरली प्रसाद शर्मा संडी वाले की बहू थीं।

### रंजन बेन गढ़िया



रायपुर। अनुपम नगर शंकर नगर निवासी रंजन बेन गढ़िया (65) का 6 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 फरवरी को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे हरीश भाई की पत्नी एवं हर्षित की माता थीं।

### मुकेश छबलानी



रायपुर। वीआईपी स्टेट निवासी मुकेश छबलानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 फरवरी को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे नीलेश, निखिल छबलानी के पिता थे।

### पुष्पा देवी अग्रवाल



रायपुर। क्रेस्ट ग्रीन रामनगर निवासी पुष्पा देवी अग्रवाल का 6 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे पूरनलाल अग्रवाल की पत्नी और सांसद बृजमोहन अग्रवाल की बड़ी भाभी एवं मनोज, प्रकाश अग्रवाल की माता थीं। उनके निधन पर रामजी लाल अग्रवाल, बिशन लाल अग्रवाल, कैलाश, राजेंद्र, गोपाल, बृजमोहन, अशोक, देवेंद्र, विजय, गणेश, योगेश, यशवंत, श्याम, आदित्य, सार्थक आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# दो बार जांची जाएंगी पांचवी-आठवीं की उत्तरपुस्तिकाएं, चपड़ा खरीदने प्रति छात्र मिलेंगे 2 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**अलग खबर**

जिलों में पांचवी-आठवीं की परीक्षाओं की तैयारी प्रारंभ हो गई है। पांचवी की परीक्षा 17 मार्च से तथा आठवीं की परीक्षा 18 मार्च से प्रारंभ हो रही है। दोनों ही कक्षाओं की 5 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाएं दो बार जांची जाएंगी। प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र में मूल्यांकनकर्ता शिक्षकों के अलावा एक हेड मूल्यांकनकर्ता भी नियुक्त किए जाएंगे। मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा जांची गई उत्तरपुस्तिकाओं की 5 प्रतिशत कॉपियां हेड मूल्यांकनकर्ता द्वारा पुनः जांची जाएगी। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि मूल्यांकन की विश्वसनीयता बनी रही।

हेड मूल्यांकनकर्ता को प्रतिदिन 100 रुपए की दर से भुगतान किया जाएगा, जबकि मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष को प्रतिदिन 150 रुपए का भुगतान करने प्रावधान रखा गया है। मूल्यांकनकर्ताओं को पांचवी की उत्तरपुस्तिका जांचने प्रति कॉपी 2 रुपए प्रदान किए जाएंगे, वहीं आठवीं की उत्तरपुस्तिका जांचने प्रति कॉपी 3 रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। मूल्यांकनकर्ता एक दिन में अधिकतम 40 कॉपियां जांच सकते हैं। इस तरह से पांचवीं कक्षा की कॉपियां जांचने पर प्रतिदिन अधिकतम 80 रुपए तथा आठवीं कक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं जांचने अधिकतम 120 रुपए प्रदान किए जा सकेंगे।

## मूल्यांकनकर्ता द्वारा जांची गई 5 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का पुनः मूल्यांकन करेंगे हेड मूल्यांकनकर्ता

### मूल्यांकन केंद्र व्यय भी निर्धारित

मूल्यांकनकर्ताओं को प्रदान की जाने वाली राशि के साथ ही मूल्यांकन केंद्र व्यय का भी निर्धारण कर दिया गया है। पांचवी कक्षा में इसके लिए 2 रुपए प्रति छात्र तथा आठवीं कक्षा में इसके लिए प्रति छात्र 3 रुपए की राशि मिलेगी। इससे ही स्टेशनरी सहित पेपर के बंडल बांधने और पैकेट सील करने में इस्तेमाल किए जाने वाले सुतली, चपड़ा, मोमबत्ती, ब्राउन पेपर सहित अन्य चीजों की खरीदी करनी होगी। छात्र संख्या के अनुसार ही मूल्यांकन केंद्र व्यय दिया जाएगा।



### जिला स्तरीय समिति करेगी केंद्र निर्धारण

दसवीं और बारहवीं कक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए केंद्रों का निर्धारण माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा राज्य स्तर पर किया जाता है, लेकिन पांचवी-आठवीं की परीक्षा में यह व्यवस्था नहीं रहेगी। 5वीं-8वीं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए जिला स्तरीय समिति द्वारा केंद्र निर्धारण किया जाएगा। मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति विकासखंड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त सूची के आधार पर जिला समिति द्वारा की जाएगी। इनका निर्धारण फिलहाल नहीं किया जा सका है। जिला स्तरीय समिति बनाए जाने के बाद ही इनका निर्धारण हो सकेगा।

## जोरा, गोगांव, ब्रम्हपुरी, पुरानी बस्ती सहित शहर के अन्य हिस्सों से गांधी सदन पहुंच रहे भुक्तभोगी

# पेंशन के लिए भटक रहे निराश्रित पेंशनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम सीमा क्षेत्र के निराश्रित पेंशन वालों को 500 रुपये की पेंशन के लिए आधार कार्ड और एटीएम लेकर समता कालोनी स्थित बैंक कार्यालय और निगम मुख्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है। गुरुवार को गांधी सदन के पेंशन विभाग कक्ष में जोरा, गोगांव, ब्रम्हपुरी, पुरानी बस्ती सहित शहर के अलग-अलग इलाकों से पहुंचे बुजुर्ग व दिव्यांग लंबित पेंशन मिलने की आस में पहुंचे। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक संबंधित बैंक के कर्मचारी आने का उन्होंने इंतजार किया, पर दो घंटे के इंतजार के बाद भी दोपहर तक कर्मचारी नहीं पहुंचे थे। एटीएम व आधार कार्ड में नाम व सरनेम मेल नहीं होने के कारण निराश्रित पेंशनरों को 4 माह से लेकर 1 साल तक की पेंशन नहीं मिल पा रही है।

दरअसल, निरारित पेंशन वितरण में देरी होने से गरीब व निराश्रित पेंशनर के सामने आजीविका चलाने का संकट उठ खड़ा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक बैंक की लापरवाही से निराश्रित पेंशनरों के एटीएम कार्ड में गलत नाम व सरनेम प्रिंट होने का खामियाजा पेंशनरों को भुगतना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक निगम सीमा क्षेत्र में 30 हजार पेंशनर हैं। इनमें से 3 हजार पेंशनर्स के खाते में केवायसी के कारण लेनदेन नहीं हो रहा है।



**केस 1**

### 7 माह का पैसा नहीं मिला



गंगाबाई, निवासी सतनामी पारा जोरा ने बताया, निराश्रित पेंशन का 7 माह का पैसा नहीं मिला है। समता कालोनी स्थित बैंक वालों के पास चार बार चक्कर लगा चुकी हूं। वहां से वे निगम मुख्यालय भेज देते हैं। जोरा से यहां तक आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। आधार कार्ड और एटीएम को लेकर निगम में आई हूं, यहां भी कोई सुनने को तैयार नही है। बता रहे कि बैंक एटीएम में गंगाबाई लिखा है, आधार कार्ड में गंगाबाई सोनकर। इसमें हमारी क्या गलती? फोटो और नाम तो वही है, यदि कोई त्रुटि है तो सुधार कर पेंशन दे देना चाहिये।

**केस 2**

### एटीएम में पैसा बता रहे पर निकल नहीं रहा

बंशी यादव, ज्योतिनगर कोटा ने बताया, 500 रुपया महीने में निराश्रित पेंशन मिलत्री है, 8 माह से पैसा नहीं मिला। निगम आकर पूछा तो बताया कि एटीएम में पैसा बता रहा है, पर खाते से पैसा निकल नहीं रहा। कोटा से आटो किराया कर यहां आया हूं, 2 घंटे से बैंक वालों का इंतजार कर रहे हैं, नहीं आये। बुधवार को भी निगम में आया था, मायूस होकर लौटा।

**केस 3**

### 7 माह की पेंशन नहीं मिली



पुरानी बस्ती निवासी बुजुर्ग मेहतरू यादव ने बताया कि उन्हें हर महीने गोवर्धन चौक में निराश्रित पेंशन बैंक वाले आकर शिविर में देते थे, पर 7 माह से पेंशन ही नहीं मिली। अब निगम मुख्यालय के पेंशन शाखा में पता करने आया हूं, नाम की स्पेलिंग में करेक्शन के लिए कह रहे हैं। अब तक नहीं हुआ। पेंशन नहीं मिलने से बहुत परेशान हूं, पता नहीं कब परेशानी दूर होगी।

**केस 4**

### सरनेम नहीं होने से दिक्कत



सूर्यनगर गोगांव के हरिराम साहू के बैंक खाते में पैसा नहीं है, करके लौटाया जा रहा है। उनका कहना है कि आधार कार्ड में उनका पूरा नाम हरिराम साहू अंकित है। बैंक वालों ने एटीएम में हरिराम अंकित किया है, इसलिए सरनेम अंकित नहीं होने की वजह बताकर पेंशन नहीं दे रहे।

### अधिकारी ने ये कहा

*13 से 15 फरवरी तक जोनवार शिविर लगेगा- योजना की प्रभारी अधिकारी उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा ने कहा है कि निराश्रित पेंशनरों लंबित पेंशन संबंधी समस्या के निराकरण करने 13, 14 और 15 फरवरी को जोनवार शिविर लगाया जायेगा, ताकि पेंशनरों को किसी तरह की परेशानी न हो। एटीएम में गलत नाम व सरनेम प्रिंट होने की शिकायत भी दुरुस्त कराई जायेगी। विदित हो कि निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने आईडीबीआई बैंक प्रबंधन को पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि आचार संहिता हटने के बाद निगम के सभी जोन कमिश्नरी में पेंशनर्स की सूची लेकर प्रबंधन को निगम के साथ मिलकर सभी प्रकरण निबटाने होंगे।*

# स्ट्रीट पोल पर विज्ञापन बोर्ड सर्कस पर 10 हजार जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- शासकीय संपत्ति विरूपण पर निगम का एक्शन
- प्रचार विज्ञापन हटाने और दोबारा ऐसा नहीं करने शपथ पत्र मांगा

नगर निगम जोन-7 के नगर निवेश विभाग आमापारा क्षेत्र में सर्कस के संचालक पर शासकीय संपत्ति विरूपण करने पर 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश और अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल व जोन-7 कमिश्नर रमाकांत साहू के निर्देश पर की गई।

दरअसल जीई रोड आमापारा में फिनिक्स सर्कस के संचालक ने स्ट्रीट पोल पर प्रचार-प्रसार के विज्ञापन के बोर्ड लगवाए थे, जो शासकीय संपत्ति विरूपण के दायरे में आता है। इस पर नोटिस जारी करते हुए जोन-7 कमिश्नरी ने 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया। साथ ही संबंधित व्यक्ति से शपथपत्र लिया गया कि वह भविष्य में ऐसा नहीं करेगा। यदि जुर्माना राशि निगम के कोष में जमा नहीं की जाती है तो इस मामले में संबंधित सर्कस के संचालक के खिलाफ संबधित थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि बूढ़ापारा स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में 7, 8, 9 फरवरी को सर्कस का आयोजन रखा गया है। इसके प्रचार-प्रसार के लिए विद्युत पोल पर विज्ञापन लगाए जाने पर इसे हटाने कहा गया है।

## पेज 9 के शेष

### झंडा उठाने चाहिए...

प्रत्याशी चाहता है कि उसके पीछे झंडा-डंडा उठाने वाली की भीड़ हो, ताकि लोगों के बीच अगल प्रभाव डाल सके। लेकिन कार्यकर्ताओं के कमी होने से रोज रैलियों में भीड़ जुटना अब प्रत्याशियों के लिए चुनौती बन गया है। हरिभूमि टीम गुरुवार को गांधी मैदान स्थित मजदूरों की चावड़ी पहुंची। दोपहर 12 बजे गिनती के मजदूर नजर आए। सामान्य दिनों में महिला व पुरुष दोनों बड़ी संख्या में मौजूद रहते थे, लेकिन इन दिनों सभी सुबह से चुनाव प्रचार करने जा रहे हैं। इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, सफाई कर्मचारी समेत अन्य कार्य करने वाले सभी मजदूर विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्ता बन चुके हैं।

**हर सुबह लगती है बोली** -मजदूर ने बातचीत के दौरान बताया कि सुबह-सुबह दल बोली तक लगा देते हैं, ऐसे में जो ज्यादा पैसा देता है, हम उसके साथ चले जाते हैं, लेकिन मांग अधिक होने से वर्तमान में 600 से 800 के बीच ही काम ले रहे हैं। पेट भरने के साथ ही जेब भी भर जाती है और दस-बारह दिनों में ही करीब डेढ़ महीने की कमाई भी हो जाती है। महिला दिहाड़ी मजदूर ने कहा कि पार्टी के लोग भरपेट खाना खिलाते हैं और बच जाता है, तो मैं अपने बच्चों के लिए भी बंधवाकर घर ले जाती हूं। चुनाव में आजकल भरपेट तीनों समय खाना मिल रहा है।

### दूसरे जिलों से भी...

बुलवा रहे हैं। दोपहर के बाद चुनाव में भीड़ जुटाने के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं। एक दिन पहले बोलने पर दर्जन से अधिक लोग मिलेंगे। इसीलिए कई मजदूर गांव से अपने परिजनों व अन्य साथियों को बुला रहे हैं। चुनाव में लोगों तक प्रचार सामग्री पहुंचाने के लिए भी मजदूर की मदद ली जा रही है।

### वीआईपी रोड पर...

को रोका और इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पेट्रोलिंग टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने देखा कि कार में सवार युवक और युवती दोनों नशे में थे तथा कार में भारत सरकार लिखा हुआ है। यह कार डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) के लोक अभियोजक की बतायी जा रही है। कार में उनकी दोस्त युवती जिसका नाम नोदिरा बताया जा रहा है, वह उज्बेकिस्तान ताशकंद की रहने वाली है। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि कार को युवक ही चला था।

### ठगों ने महिला को...

में हमारे साथ खाना खाने चलिए। इसके बाद तीनों मालती को ऑटो में बैठाकर रेलवे स्टेशन ले गए, जहां तीनों ने बहाने से उसके द्वारा पहने हुए गहने उतरवा लिए और एक गठरी में बांध कर उसे पकड़ा कर वहां से चले गए। उनके जाने के बाद जब मालती ने गठरी को खोलकर देखा, तो उसमें गहनों की जगह कागज के बंडल रखे हुए थे। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध ठगी का मामला दर्ज किया है। सभी आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

### ईडी के जोनल दफ्तर...

मंजूर कर नई नियुक्तियां की थीं। इसके तहत रायपुर के सब जोनल दफ्तर को पूर्णकालिक जोनल आफिस बनाकर संयुक्त निदेशक पदस्थ किया है। यहां 2013 बैच के आईआरएस अफसर प्रभाकर प्रभात को संयुक्त निदेशक बनाया गया है। सब जोनल ऑफिस अब तक मुंबई जोनल ऑफिस के अधीन था। जोनल ऑफिस होने के बाद यह सीधे ईडी मुख्यालय दिल्ली के अधीन हो गया है।

### एक दिन में चार...

भी अधिकतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं आया है। बुधवार को 20.6 डिग्री दर्ज तापमान गुरुवार को 20.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। यह भी सामान्य से 4.8 डिग्री अधिक है। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने के कारण तापमान में कमी आ रही है। इसका प्रभाव बढ़ते ही पुनः तापमान में वृद्धि का दौर शुरू हो जाएगा।

### अंबिकापुर में अभी...

तापमान माना में क्रमशः 30.6 डिग्री और 19.8 डिग्री, बिलासपुर में 29.4 डिग्री और 204 डिग्री, पेंड्रारोड में 33.7 डिग्री और 14.6 डिग्री, जगदलपुर में 33.8 डिग्री और 18.3 डिग्री, दुर्ग में 33.2 डिग्री और 18.4 डिग्री तिाा राजनांदगांव में 33.2 डिग्री और 19.5 डिग्री दर्ज हुआ। बारिश या बूंदाबांदी जैसी स्थिति कहीं भी निर्मित नहीं हुई। पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहा।






## खबर संक्षेप



### नवा रायपुर प्रीमियर लीग बैडमिंटन स्पर्धा में दिखाया हुनर

**रायपुर।** विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में नवा रायपुर में नवा रायपुर प्रीमियर लीग के अंतर्गत बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में संचालनालय, मंत्रालय, निगम, बोर्ड और आयोग में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। नवा रायपुर प्रीमियर लीग के आयोजकों द्वारा इंद्रावती भवन स्थित ऑडिटोरियम में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कर विजेताओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, संयोजक कमल वर्मा, दिलदार मरावी, नंदलाल चौधरी, रामसागर कौशले, अविनाश तिवारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रदेश स्तरीय परमेश्वरी पूजा महोत्सव मनाया



**रायपुर।** रायपुर राज देवांगन कल्याण समाज की ओर से रविवार को इंद्रप्रस्थ रायपुरा में प्रदेश स्तरीय परमेश्वरी पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंडबाजा एवं आतिशबाजी के साथ धूम-धाम से कलश यात्रा लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के साथ सामूहिक विवाह के लिये आये हुए दूल्हे की बारात साथ में निकाली गई। विधिवत पूजा के बाद समाज का परिचय सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें छग के साथ अन्य राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया।

# बिकेंगे एक लाख से ज्यादा एसी, पांच लाख कूलर, गर्मी के सीजन में होगा 600 करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी का आगाज इस बार तो जनवरी से ही हो गया है। बीते माह से प्रदेशभर में एसी और कूलर बिकने लगे हैं। एयर कंडीशनर यानी एसी भी अब खास से आम होता जा रहा है। एक समय था, जब इसकी डिमांड बड़े शहरों और अमीरों के घरों के लिए होती थी, लेकिन अब एसी की डिमांड बड़े शहरों से हटकर गांवों और छोटे शहरों तक भी हो गई है। अब मध्यवर्ग के घरों में भी एसी एक से ज्यादा लग रहे हैं। इस गर्मी के सीजन में एक लाख से ज्यादा एसी और पांच लाख से ज्यादा कूलर बिकने का अनुमान है। ऐसे में दोनों को मिलाकर करीब 600 करोड़ का कारोबार हो जाएगा। यह बीते साल से करीब सौ करोड़ ज्यादा होगा। इसी के साथ दो साल पहले से करीब दो सौ करोड़ ज्यादा होगा। बीते दो साल से हर साल 20 से 25 फीसदी कारोबार में इजाफा रहा है। इस बार भी करीब इतने कारोबार का इजाफा होने का अनुमान है। अगर गर्मी के तेवर और ज्यादा रहे तो कारोबार में 40 फीसदी तक भी इजाफा संभव है।

कारोबारियों के लिए गर्मी का सीजन सबसे खास होता है। इस सीजन में ही सालभर के व्यापार का 40 फीसदी से ज्यादा कारोबार हो जाता है। इस सीजन के लिए कारोबारी खास तैयारी भी करते हैं। एसी, कूलर के स्टॉक का आर्डर दिसंबर में ही दे दिया जाता है। इसके बाद जनवरी से स्टॉक आने भी लग जाता है। आमतौर पर मार्च के बाद ही गर्मी अपने तेवर दिखती है।

## बीते दो साल से हर वर्ष 20 से 25 फीसदी तक कारोबार में हो रहा इजाफा

### 300 करोड़ के बिकेंगे एसी

*एसी का कारोबार बड़ा होता है। ब्रांडेड एसी 20 हजार से एक लाख तक में आते हैं। पहले एसी कम बिकते थे, लेकिन बीते तीन साल से एसी की डिमांड बढ़ गई है। हर साल 15 से 20 हजार एसी ज्यादा बिक रहे हैं। तीन साल पहले प्रदेश में 50 हजार के आसपास ही एसी बिकते थे, लेकिन जहां 2023 में 65 हजार के आसपास एसी बिके, वहीं बीते साल 80 हजार बिके हैं। इस साल एक लाख से ज्यादा एसी बिकने का अनुमान है। कम और ज्यादा कीमत को देखते हुए एक एसी की औसत कीमत अगर 30 हजार मान लें तो इस सीजन में तीन सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो जाएगा। इस बार तो कीमत एक से दो हजार तक बढ़ी भी है।*

### कूलर की डिमांड भी तेज

*गर्मी के सीजन में सबसे बड़ा कारोबार कूलर का होता है। कूलरों की बिक्री भी इस बार जनवरी से लगातार हो रही है। आमतौर पर एक सीजन में तीन लाख तक कूलर बिकते हैं। इनकी डिमांड भी लगातार बढ़ रही है। 2023 में जहां साढ़े तीन लाख कूलर बिके थे, वहीं बीते साल चार लाख कूलर बिके हैं। इस बार पांच लाख से ज्यादा कूलर बिकने का अनुमान है। लोकल कूलरों में विंडो कूलरों की मांग ज्यादा रहती है। ये कूलर चार से आठ हजार के बीच मिलते हैं। आजकल तो दो हजार तक के छोटे कूलर भी आने लगे हैं।*

### बिकेंगे एक लाख एसी

*एसी की डिमांड लगातार हर साल बढ़ रही है। इस साल एक लाख एसी बिकने का अनुमान है। ऐसे में पूरे प्रदेश में तीन सौ करोड़ के कारोबार का अनुमान है।*

*- **मंशा मेघानी, संचालक**, ब्रांड वे इलेक्ट्रॉनिक्स रायपुर*

### 50 फीसदी का इजाफा संभव

*जिस तरह से जनवरी से ही गर्मी पड़ रही है, उसी अनुपात में गर्मी इस बार ज्यादा पड़ी तो एसी का कारोबार बीते साल से 40 फीसदी अधिक हो सकता है। ऐसे में सवा लाख के आसपास एसी बिक जाएंगे और कारोबार साढ़े तीन सौ करोड़ के पार हो जाएगा।*

*- **राजेश वासवानी**, संचालक, लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स*

## चुनाव से नाम हटाने जिला पंचायत कार्यालय में हर दिन कर्मचारियों की लग रही भीड़

# चुनाव ड्यूटी से नाम हटाने कई तरह के बहाने, सिफारिश लेकर भी पहुंच रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की ड्यूटी करना नहीं पड़े, इसके लिए कई कर्मचारी तरह-तरह का बहाना लेकर चुनाव ड्यूटी से नाम हटाने के लिए जिला पंचायत कार्यालय पहुंच रहे हैं। इनमें महिला कर्मचारियों में कोई अपने छोटे बच्चों का बहाना, तो कोई शुगर, बीपी, कमजोरी सहित अन्य बीमारी का बहाना लेकर आवेदन दे रही हैं। पुरुष कर्मचारियों में भी शुगर-बीपी, लीवर की समस्या जैसी तरह-तरह की बीमारी के बहानों के साथ आवेदन कर रहे हैं।

इसके अलावा ऐसे भी कई कर्मचारी हैं, जो जुगाड़ और सिफारिश लेकर नाम हटाने के लिए पहुंच रहे हैं। इधर जिला पंचायत के अधिकारी ने बताया कि चुनाव ड्यूटी से नाम हटाने करीब ढाई हजार आवेदन आ चुके हैं, जिनमें से करीब पांच सौ कर्मचारियों के नाम चुनाव ड्यूटी से हटाए गए हैं। अधिकारी का यह भी कहना है कि जिन कर्मचारियों के नाम चुनाव ड्यूटी की लिस्ट से हटाए गए हैं, उनमें किसी के परिवार में सदस्य का विवाह-मृत्यु, गर्भवती महिला या गंभीर बीमारी वाले कर्मचारी शामिल हैं। कुछ ऐसी महिला कर्मचारियों के नाम भी हटाए गए हैं, जिनके बच्चे डेढ़ वर्ष से कम हैं।

### कई कर्मचारियों के आवेदन भी स्वीकृत

चुनाव ड्यूटी की लिस्ट से नाम हटाने के लिए कई कर्मचारियों ने जुगाड़ लगाने के साथ सिफारिशें भी लगवाई हैं। इन सिफारिशों में कोई राजनीतिक दलों के कुछ वर्तमान, तो कुछ पूर्व जनप्रतिनिधियों का, कोई आला अधिकारियों के नाम की सिफारिश लेकर पहुंच रहे हैं। जिला पंचायत कार्यालय से जिन कर्मचारियों के चुनाव ड्यूटी की लिस्ट से नाम हटाने के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, उनमें जरूरतमंदों के अलावा कई कर्मचारी सिफारिश वाले भी हैं। हालांकि अधिकारियों द्वारा यही कहा जा रहा है कि सिर्फ जरूरतमंद कर्मचारियों के नाम ही चुनाव ड्यूटी से हटाए गए हैं।

### सिफारिश वालों के कारण कई जरूरतमंदों की लगा दी गई डबल ड्यूटी

सिफारिश वाले कर्मचारियों के कारण कई जरूरतमंदों के नाम चुनाव ड्यूटी से हट नहीं पाए हैं। इसके कारण उनकी नगरीय निकाय एवं पंचायत दोनों चुनाव में ड्यूटी लगा दी गई है। एक सहायक शिक्षिका अनुपमा लकड़ा अपने दो माह के बच्चे को लेकर जिला पंचायत कार्यालय पहुंची थी। अनुपमा ने बताया कि उसके पति बस्तर में रहते हैं। वह यहां अपने बच्चे के साथ अकेली रहती है। दो माह के बच्चे को लेकर उसका चुनाव ड्यूटी करना बहुत कठिन होगा।

### गंभीर बीमारी व अतिजरूरतमंदों के ही कटे नाम

चुनाव ड्यूटी से हर कोई बचना चाहता है। कर्मचारी थोक में आवेदन कर रहे हैं। अगर सभी के नाम हटा देंगे, तो चुनाव कैसे होगा, इसलिए अति आवश्यक होने या गंभीर बीमारी वाले कर्मचारियों के नाम ही ड्यूटी से पृथक किए गए हैं। चुनाव ड्यूटी की फाइनल लिस्ट जारी हो चुकी है, अब किसी भी कर्मचारी का नाम नहीं कटेगा।

- **विश्वदीप, सीईओ,** जिला पंचायत रायपुर

### सिफारिश का जोर, भाव भी उन्हीं कर्मचारियों को

*जिला पंचायत कार्यालय में चुनाव ड्यूटी से नाम हटाने के आवेदन लेने के लिए एक अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अधिकारी के पास हर रोज बड़ी संख्या में कर्मचारी नाम हटाने के लिए आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं। कई कर्मचारी तो नाम हटाने के लिए अधिकारी के समक्ष गिड़गिड़ा भी रहे हैं, लेकिन उनकी एक सुनी नहीं जा रही है। भाव सिर्फ सिफारिश लेकर पहुंचने वाले कर्मचारियों को ही दिया जा रहा है।*

### साढ़े 6 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की लगी ड्यूटी, 10 प्रतिशत रिजर्व भी

*रायपुर जिले में नगरीय निकाय चुनाव के लिए 1290 मतदान केंद्र एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 1378 मतदान केंद्र होंगे। इनमें नगरीय निकाय चुनाव के लिए 1290 मतदान केंद्रों में साढ़े 6 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें 1290 पीठासीन अधिकारी, 3870 मतदान दल कर्मचारी, 1290 सुरक्षा कर्मी एवं 136 सेक्टर अधिकारी शामिल है। इसके अलावा प्रशासन ने 10 प्रतिशत कर्मचारियों को रिजर्व रखा है, जिनमें 129 पीठासीन, 387 मतदान दल कर्मचारी, 129 सुरक्षा कर्मी एवं 14 सेक्टर अधिकारी शामिल है। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए अलग से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।*

## विजय शंकर मिश्रा बोले

# कांग्रेस को फिर एक बार न्यायालय ने आईना दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के चुनाव आयोग संपर्क समिति के प्रदेश प्रभारी डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने धमतरी नगर निगम के कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा द्वारा अपना नामांकन रद्द किए जाने के निर्णय के खिलाफ दायर की गई याचिका को उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने पर कहा, कांग्रेस को फिर एक बार न्यायालय ने आईना दिखाया है। अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कांग्रेस के नेता प्रदेश की भाजपा सरकार पर सत्ता के दुरुपयोग व लोकतंत्र की हत्या जैसे प्रलाप करने से बाज आ जाएं, क्योंकि यह वही कांग्रेस है जिसने अतीत में न जाने कितनी बार लोकतंत्र की हत्या की है। डॉ. मिश्रा ने कहा, कांग्रेस ने हमेशा मिथ्या प्रलाप करके प्रदेश को बरगलाने की कोशिश की है, लेकिन हर बार उसे न्यायालय में जाकर मुंह की खानी पड़ी है। डॉ. मिश्रा ने कहा, कांग्रेस जिस मुद्दे को लेकर भाजपा व प्रदेश सरकार के खिलाफ अनर्गल प्रलाप करके अपनी हताशा और तिलमिलाहट को ढंकने में लगी थी, उस मुद्दे पर दायर याचिका को उच्च न्यायालय ने प्रचलन योग्य ही नहीं माना। कांग्रेस की यही नियति हो चली है कि वह हर मुद्दे पर झूठ फैलाकर अपने राजनीतिक वजूद को येन-केन-प्रकारेण बचाने की जद्दोजहद करे और न्यायालय में जाकर मुंह की खाए। डॉ. मिश्रा ने कहा, कायदे-कानून की दुहाई देने वाले भूपेश बघेल पहले यह तो बताएं कि प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं दिए जाने के बाद भी उनकी मौजूदगी में बिलासपुर में कांग्रेस ने चुनाव प्रचार करने के लिए ट्रैक्टर रैली निकालकर क्या कायदे-कानून का सम्मान किया है।

### सेन समाज का परिचय सम्मेलन 10 फरवरी को

**रायपुर।** छग प्रदेश स्तरीय सेन समाज का परिचय सम्मेलन, सेन जयंती सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह संत सेन धाम रायपुर में 10 फरवरी को मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। साथ ही समाज के प्रतिभावान बच्चों को 10वीं एवं 12वीं बोर्ड में अच्छे अंक पाने वाले विद्यार्थियों को समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए सेन धाम कोर कमेटी के सदस्यों सतीश सेन, राजू सेन, बल्लू भार्गव, विजय सेन, केशव सेन आदि पदाधिकारीगण को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### दीप्ति ठाकुर को मिली पीएचडी की उपाधि



**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने दीप्ति ठाकुर को कला संकाय के अंतर्गत हिंदी में गजेन्द्र तिवारी का व्यंग्य साहित्य संवेदना और शिल्प विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। यह शोध डॉ. अनुसूइया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के निर्देशन में किया गया।

# निकाय-पंचायत चुनावों में अवैध मदिरा और मादक पदार्थों पर सख्त कार्रवाई करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- आबकारी थाना एवं जांच चौकियों में सतर्कता बढ़ाने विशेष अभियान चलाएं

आबकारी विभाग की सचिव सह आयुक्त आर. संगीता ने नवा रायपुर में गुरुवार को विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा एवं राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक के निर्धारित राजस्व लक्ष्यों की सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की और आगामी महीनों के लिए जिलेवार विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। आबकारी सचिव ने स्थानीय चुनावों के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने अवैध मदिरा एवं मादक पदार्थों के निर्माण, संग्रहण, परिवहन और बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से अंतर्राज्यीय सीमाओं पर स्थित आबकारी थाना एवं जांच चौकियों में सतर्कता बढ़ाने और विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया। आबकारी सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मदिरा दुकानों में उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप मदिरा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री नहीं हो। उन्होंने ग्राहक सुविधा एवं शिकायत समाधान पर विशेष ध्यान देने के लिए मनपसंद मोबाइल ऐप और टोल-फ्री नंबर 14405 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए। इस बैठक में छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रेवरेजेस कॉरपोरेशन, उड़नदस्ता दल एवं विभिन्न जिलों के आबकारी अधिकारियों ने भाग लिया।

### आबकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण एवं वित्तीय अनुशासन

आबकारी सचिव ने फील्ड में कार्यरत आबकारी आरक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने और इसके लिए जिला स्तर पर समन्वय कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही, मदिरा दुकानों में निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री न हो और मदिरा में किसी भी प्रकार की मिलावट न हो, इसे कड़ाई से सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया। सचिव ने कहा, मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान किया जाए तथा बिक्री से प्राप्त राशि को बैंक में नियमानुसार जमा कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इस कार्य में लापरवाही पाई गई, तो संबंधित कैश कलेक्शन / बैंक एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। बैठक में पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति एवं न्यायालय में लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

# पॉवर कंपनी की गारे पेलमा खदान को पांच पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड को गारे पेलमा खदान के संचालन में सुरक्षा संबंधी मापदण्डों के पालन के लिए वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीनस्थ महानिदेशालय खान सुरक्षा द्वारा पांच महत्वपूर्ण पुरस्कार दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने कहा, यह हमारी टीम की प्रतिबद्धता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2024 के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन विश्रामपुर में किया गया, जिसमें विभिन्न श्रेणियों में गारे पेलमा सेक्टर तीन, कोयला खदान को विविध पुरस्कार प्राप्त हुए।

## बिजनेस साइट

# ऑटो एक्सपो में होंडा ने पेश की नई 'होंडा एक्टिवा 110'



**रायपुर।** साइंस कॉलेज ग्राउंड में 'राडा ऑटो एक्सपो 2025' के दौरान होंडा ने अपने नवीनतम और बहुप्रतीक्षित उत्पाद नई 'होंडा एक्टिवा 110' का भव्य अनावरण किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के ऑपरेटिंग ऑफिसर (सेल्स) आशीष चौधरी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर इस वाहन को लॉन्च किया। नई होंडा एक्टिवा 110 में अत्याधुनिक फीचर्स हैं, जिनमें स्मार्ट टीएफटी डिस्प्ले, एलईडी हेडलाइट्स, एडवांस्ड आइडलिंग स्टॉप सिस्टम, यूएसबी-सी पोर्ट, डबल लीड फ्यूल फिलिंग सिस्टम और रीयल-टाइम माइलेज फीचर जैसी सुविधाएं शामिल हैं। यह स्कूटर ब्लू बैकलिट नॉब और मल्टी-फंक्शन स्विच यूनिट के साथ अधिक आरामदायक राइडिंग का अनुभव भी प्रदान करता है। लॉन्च के अवसर पर होंडा ने ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की, जिनमें 50% तक की छूट, कोई डॉक्युमेंटेशन चार्ज नहीं, 5000 रुपए तक का कैशबैक, 100% फाइनेंसिंग और कम ब्याज दर जैसी योजनाएं शामिल थीं।

### भारत के गौरव और गरिमा की समझ ही सच्ची देशभक्ति



**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में 'दैनिक जीवन में देशभक्ति' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सह संयोजिका महिला समन्वय एवं केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य राष्ट्र सेविका समिति सुश्री भाग्यश्री साठये ने कहा कि, भारत ज्ञान का प्रतीक है। भारत की ज्ञान परम्परा अत्यंत वैभवशाली है। आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। युवा भारत की इस ज्ञान परंपरा को समझें। भारत के गौरव को जानना ही सच्ची देशभक्ति है। उन्होंने दैनिक जीवन में सकारात्मक लोक कल्याण एवं जन जागरूकता के कार्यों को करने की बात कही। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के ज्ञान का विस्तार करते हैं।









हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 7 फरवरी 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

**लाइव इवेंट**

## भागदौड़ से बढ़ रहा मानसिक दबाव प्राचीन पद्धतियों से मिलेगी शांति



**रायपुर।** अर्चना योगायतन द्वारा प्रायोजित और इफको बाजार द्वारा समर्थित योग कार्यशालाओं का सिलसिला छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों में सपन्न हुआ। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य किसानों, विद्यार्थियों और सामान्यजन को योग के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता प्रदान करना था।। इन कार्यशालाओं को छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के विभिन्न रिजॉर्ट्स के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चंद्रखुरी स्थित कौशल्या माता मंदिर से हुई। इसके बाद कार्यशालाओं का आयोजन होटल जोहार सिरपुर, जिला महासमुंद और हरेली इको रिसॉर्ट मोहादा, जिला बलौदाबाजार में किया गया। अगले चरण में 4 फरवरी को हिल मायना हाईवे ट्रीट नाथियानागांव, जिला कांकेर में योग कार्यशाला आयोजित की गई। 5 फरवरी को जोहार एथेनिक रिसॉर्ट जिला कोंडागांव और 6 फरवरी को डंडामी लक्जरी रिसॉर्ट चित्रकोट जिला बस्तर में भी यह विशेष कार्यशालाएं आयोजित की गईं। योग कार्यशालाओं में छत्तीसगढ़ के लोगों के बीच शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित रही हैं। योग के अभ्यास से न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती में सुधार के बारे में बताया, बल्कि यह मानसिक शांति और सशक्तिकरण पर भी जोर दिया गया।

### रोगों से बचाव और इलाज का बेहतरीन उपाय

योग कार्यशाला के जरिए बताया गया कि आजकल देश-विदेश के नागरिक भारतीय प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों जैसे योग, प्राकृतिक चिकित्सा और आयुर्वेद को तेजी से अपना रहे हैं। इसका कारण है, इन विधियों में रोगों से बचाव (प्रिवेंटिव) और इलाज (क्यूरेटिव) दोनों के गुण समाहित होना। साथ ही इन पद्धतियों का एक और महत्वपूर्ण पहलू है, इनमें कोई साइड इफेक्ट नहीं होता और लाभ निश्चित रूप से प्राप्त होता है। भारतीय प्राचीन चिकित्सा पद्धतियां न केवल नई बीमारियों को दूर करने में सक्षम हैं, बल्कि ये प्राचीन और जीर्ण (क्रोनिक) बीमारियों को ठीक करने में भी अद्भुत कार्यक्षमता प्रदर्शित करती हैं। आयुर्वेद और योग, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर ध्यान केंद्रित करते हैं, स्वास्थ्य के समग्र दृष्टिकोण को अपनाते हैं, जिससे न केवल इलाज होता है, बल्कि रोगों से बचाव भी होता है। आजकल के भागदौड़ भरे जीवन में जब लोग तनाव और मानसिक दबाव का सामना कर रहे हैं, ये प्राचीन पद्धतियां उन्हें शांति, संतुलन और स्वास्थ्य प्रदान करने का एक सशक्त तरीका साबित हो रही हैं।

**● लीजेंड-90 क्रिकेट मैच में उर्वशी रौतेला ने किया धमाकेदार डांस**

# लीजेंड ने मैदान में बरसाए चौके-छक्के उर्वशी की परफॉर्मेंस पर दर्शक भी झूमे





राजधानी के शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम में गुरुवार को लीजेंड-90 क्रिकेट लीग आगाज हुआ। लीग के पहले दिन छत्तीसगढ़ वॉरियर्स और दिल्ली रॉयल्स बीच खेले गए मुकाबले ने क्रिकेट प्रेमियों को पूरी तरह से रोमांचित कर दिया। दोनों टीमों ने दर्शकों को उत्साह और जोश से भरपूर खेल का नजारा पेश किया। मैच के दौरान दिल्ली और छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण से सभी को प्रभावित किया। पहले दिन के इस मुकाबले में टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, दर्शकों ने भी इस मैच का पूरा आनंद लिया और दोनों टीमों का उत्साहवर्धन किया।

**रायपुर।** मैच से पहले उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री और डांसर उर्वशी रौतेला ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने हिट सॉन्ग पर परफॉर्म करते हुए उर्वशी ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सुपरहिट गाने पर डांस करते हुए एक शानदार माहौल तैयार किया, जिसे देखकर दर्शक उनकी तारीफ करते नहीं थके। उनके अद्भुत तालमेल और स्टाइल ने पूरी स्टेडियम में जोश भर दिया। आयोजन में उर्वशी की प्रस्तुति ने न केवल क्रिकेट के फैंस, बल्कि बॉलीवुड के चाहने वालों को भी अपनी ओर आकर्षित किया। उनका ये डांस प्रदर्शन इस लीग का खास आकर्षण बन गया।

### हर चौके-छक्के पर दर्शकों ने मनाया उत्सव

लीजेंड-90 लीग मैच दर्शकों के लिए यादगार रहा। जहां हर चौके और छक्के के साथ स्टेडियम में जोश तथा उत्साह की लहर दौड़ पड़ी। मैच में हर शानदार शॉट पर दर्शकों ने जोरदार तालियों और सीटियों से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया, जैसे यह एक उत्सव का माहौल हो। चौके और छक्के लगते ही स्टेडियम में हर कोने से खुशी की आवाजें सुनाई देती थीं। खिलाड़ियों की बेहतरीन बैटिंग और बल्लेबाजों के शानदार शॉट्स ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया। हर रन पर ये उत्सव और भी बढ़ता गया। हर बाउंड्री और हिट पर फैंस खुशी का इजहार कर रहे थे। फैंस और खिलाड़ियों के बीच एक खास जुड़ाव देखने को मिला और यह मैच दर्शकों के लिए एक यादगार पल बन गया।



### आशिक बनाया आपने' और 'सारा जमाना' पर किया डांस

उर्वशी ने अपनी शानदार डांस प्रस्तुति से समां बांध दिया। उर्वशी ने जब अपने हिट गानों आशिक बनाया आपने..,, आज की रात.., उर्वशी उर्वशी.., और सारा जमाना हसीनों का दीवाना.., पर डांस किया तो स्टेडियम में मौजूद दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। उर्वशी की धमाकेदार परफॉर्मेंस ने न केवल क्रिकेट के फैंस, बल्कि बॉलीवुड के चाहने वालों का भी दिल जीत लिया। उनके तेजतर्रार डांस मूव्स और अनोखे स्टाइल ने रात को और भी खास बना दिया। इन गानों पर उर्वशी का डांस देखते ही बनता था और उनके साथ दर्शक भी झूमते हुए नजर आए।

### दर्शकों के बीच पहुंचकर लूटी महफिल



एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने न केवल शानदार डांस परफॉर्मेंस दी, बल्कि बीच में दर्शकों के करीब भी पहुंच गईं, जिससे पूरी स्टेडियम में हलचल मच गई। उर्वशी जब अपने हिट गानों पर डांस कर रही थीं, तभी उन्होंने अचानक दर्शकों के बीच जाकर एक और सरप्राइज दिया। इस दौरान फैंस ने उनकी एक झलक पाने के लिए उनकी ओर दौड़ते हुए उत्साह का इजहार किया। उर्वशी ने भी अपने फैंस के प्यार का स्वागत किया और हाथ हिलाकर उनका धन्यवाद किया। दर्शकों के बीच पहुंचने से उर्वशी ने न केवल माहौल में और जोश भरा, बल्कि अपनी उपस्थिति से इस इवेंट को और भी खास बना दिया। दर्शकों के चेहरे पर खुशी और रोमांच साफ तौर पर देखा जा सकता था।

### स्टार खिलाड़ियों ने दर्शकों का ध्यान किया आकर्षित

मैच के दौरान क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों पर टिकी थीं। मुकाबले में शिखर धवन, दनुष्का गुनाथिल और मार्टिन गुप्टिल जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने अपनी बल्लेबाजी और मैदान पर मौजूदगी से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। शिखर धवन ने मैदान पर आते ही दर्शकों को अपनी धाकड़ बल्लेबाजी का उदाहरण पेश किया। वहीं श्रीलंकाई खिलाड़ी दनुष्का गुनाथिल भी अपनी कड़ी प्रतिस्पर्धा से दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल ने भी अपनी शॉट्स और तकनीकी महारत से मैदान में जलवा बिखेरा। इन तीनों खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस पर दर्शकों की नजरें टिक गईं और स्टेडियम में उनकी शानदार बल्लेबाजी को लेकर हलचल मची रही।

**सिटी इवेंट**

## विद्यार्थियों को कार्यशाला में बताया मतदान का महत्व



**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में मतदान जागरूकता को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को मतदान के महत्व से अवगत कराना रहा। जागरूकता अभियान के दौरान निकाय चुनाव में मतदाताओं को ईवीएम मशीन के उपयोग और बदलाव के बारे में बताया गया। इस बार महापौर और पार्षद के लिए मतदाताओं को एक ही ईवीएम से दो बार मतदान करना होगा। एक मत महापौर और एक मत पार्षद के लिए देना होगा। इससे एक ही साथ मतदाता अपने प्रत्याशी का चयन कर सकते हैं।

### एक ही ईवीएम में दो बार मतदान

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जिला निर्वाचन आयोग से डॉ. चुन्नीलाल शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मतदान हर व्यक्ति का अधिकार होता है। इसके महत्व को समझना आज के युवा की पहली जरूरत है। सही प्रतिनिधि के चुनाव से ही समाज का विकास संभव है। युवा उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं, जो राष्ट्रीय सेवा योजना और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में छात्रों के लिए आगे चलकर एक विकसित समाज तैयार करेंगे। एक दिवसीय कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उपस्थिति देखने को मिली। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युलेंद्र राजपूत ने कहा कि मतदान की प्रक्रिया और नियमों की जानकारी बहुत जरूरी है। मतदान कक्ष में सरकारी कर्मचारियों द्वारा मतदाताओं को भी दिशा-निर्देश दिए जाते हैं।

### बाजार और निवेश को समझने 'मंथन' कल

**रायपुर।** बाजार और निवेश को समझने 8 फरवरी को एक दिवसीय वर्कशॉप मंथन का आयोजन किया जा रहा है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के रायपुर चैप्टर की ओर से आयोजित इस वर्कशॉप में 5 अलग-अलग सेशन होंगे। सबसे पहले सीए महावीर कासवा मार्केट एंड इन्वेस्टमेंट की जानकारी देंगे। सुजित बगाड़िया इन्वेस्टमेंट मार्केट में बजट 2025 के प्रभाव को बताएंगे। इसी तरह सीए करन गुप्ता प्रोफेशनल लाइफ में एआई के उपयोग के बारे में जानकारी देंगे। यह वर्कशॉप होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में सुबह 11 बजे से शुरू होगा।

### रोटरी क्लब का कल हेरिटेज महोत्सव

रोटरी क्लब ऑफ रायपुर हेरिटेज द्वारा 20वां हेरिटेज महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 8 फरवरी को शाम 6.30 बजे सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें सुगम संगीत, कथक और कंटेंपररी डांस की प्रस्तुति दी जाएगी। जर्मनी से किरण सचदेवा सुगम संगीत की प्रस्तुति देंगी। कोलकाता की आर्टिस्ट अंतरा भद्रा कथक व कंटेंपररी डांस परफार्म करेंगी।

## दसवीं के विद्यार्थियों ने बनाई ऐसी डिवाइस जिससे नेत्रहीन कर सकेंगे रोजमर्रा के कार्य

**रायपुर।** राजधानी के स्कूली छात्रों ने नेत्रहीनों के लिए विशेष डिवाइस तैयार की है, जिससे रोजमर्रा की कामों में मदद मिलेगी। साथ ही नेवीगेशन के माध्यम से नेत्रहीन को रास्तों की जानकारी भी मिल सकेगी। स्कूल की छुट्टी के बाद रोजाना स्कूल में 1 घंटे रुककर डिवाइस को तैयार किया। डिवाइस तैयार करने में 6 महीने का वक्त लगा। बेंगलुरु में आयोजित इंडियन साइंस एंड इंजीनियरिंग फेयर में इस डिवाइस को स्वर्ण पदक मिला। साथ ही टेरा साइंस एंड एजूकेशन द्वारा यूएसए के रोचेस्टर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित जीनियस ओलंपियाड-2025 में शामिल होंगे।



**10वीं के विद्यार्थी हैं सौम्या जैन और शौर्य ग्रोवर**

राजधानी रायपुर के रहने वाले सौम्या जैन और शौर्य ग्रोवर ब्राइटन स्कूल में कक्षा 10वीं के विद्यार्थी हैं। इन्होंने क्लास में प्रैक्टिकल करते वक्त नेत्रहीनों के लिए डिवाइस बनाने की सोची, फिर इंटरनेट और यूट्यूब तथा एआई टूल के माध्यम से रिसर्च कर इस डिवाइस को बनाया। इस दौरान स्कूल के हमारे एटीआई टीचर सागर साहू ने पूरा मार्गदर्शन दिया।

### ऐसे काम करेगी ये डिवाइस

यह डिवाइस कैमरे से इनपुट लेकर रास्पबैरी पाई माइक्रो कंट्रोलर में प्रोसेस कर कोई भी ब्लूटूथ डिवाइस के थ्रू कनेक्ट कर स्पीच आउटपुट से आसपास में क्या-क्या चीजें हो रही हैं, उसका पूरा विवरण डिवाइस के माध्यम से मिलेगा। इसके अलावा इसमें मल्टी लैंग्वेज टेक्स्ट रीड कर सकते हैं। साथ ही डिवाइस नेवीगेशन के माध्यम से रास्ता बताएगी। करेंसी और फेस रिकॉग्नानाइजेशन भी डिवाइस में होगी, जिससे नेत्रहीन को किसी भी इंसान तथा पैसे पहचानने में मदद मिलेगी।

## एनआईटी में इक्लेक्टिका वार्षिकोत्सव आज

**रायपुर।** एनआईटी में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'इक्लेक्टिका-2025' का आगाज होने जा रहा है। तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार 7 फरवरी से होगी, जिसका समापन 9 फरवरी को होगा। संस्थान के संस्कृति-द कल्चरल कमेटी द्वारा आयोजन किया जा रहा है, जिसका मार्गदर्शन डीन डॉ. नितिन जैन करेंगे। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक और कला समृद्धि को बढ़ावा देना है। आयोजन के पहले दिन नुक्कड़ नाटक 'गूंज', फैशन शो 'एल्यूर', बैंड्स की प्रतियोगिता 'आविर्भाव', नृत्य प्रतियोगिता 'क्लैश ऑफ कोरियोस', गायन प्रतियोगिता 'इक्लेक्टिका आईडॉल', चित्रकारी प्रतियोगिता 'कैलोपसिया', स्टैंड अप कॉमेडी 'तफरी' का आयोजन किया जा रहा है।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्पर्धा भी

इस दौरान फेस पेंटिंग, स्लो साइकिलिंग, रंगोली, गॉट अ गेस, डिज्नी पजल, म्यूजिकल चेयर्स, अंताक्षरी, गेस व्हाट्स इनसाइड, सॉल्व द क्यूब , सुडोकू, टेस्ट योर मेमोरी, क्ले कैस्टल जैसी 30 से अधिक प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है। इस दौरान विद्यार्थी अपने मनपसंद कला को निखारने का प्रयास करेंगे। तीन दिवसीय आयोजन में गो–ग्रीन कमिटी के आयोजन 'पुकार' में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जो निरंतर तीन दिनों तक संचालित की जाएगी।

**समर सीजन में यूथ के लिए नए डिजाइनर प्रिंटेड शर्ट और सूती कुर्तियों का ट्रेंड**

# गर्मी बढ़ने के साथ बदल गया कपड़ों का ट्रेंड, अब समर कलेक्शन में कॉटन और सूती की हो रही मांग

**कार्नर न्यूज**

*रायपुर। फरवरी माह की शुरुआत होते ही शहर में गर्मी की दस्तक के साथ ही कपड़ों की खरीदारी का ट्रेंड बदल गया है। अब लोग समर सीजन के हिसाब से आरामदायक और ठंडक पहुंचाने वाले कपड़े खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। मौसम की गर्माहट से गर्म कपड़ों की खरीदी बंद हो चुकी है और अब बाजार में समर कलेक्शन की धूम मच गई है। बच्चों, युवाओं, वर्किंग महिलाओं और बुजुर्गों के लिए नए समर कपड़े उपलब्ध हैं। काटन फैब्रिक और खादी के कपड़ों की मांग बढ़ गई है, क्योंकि ये गर्मी में ठंडक और आराम प्रदान करते हैं। इस बार वर्किंग यूथ और ग्रूम के लिए डिजाइन एथनिक वेयर भी लाया गया है, जो खासकर आरामदायक और स्टाइलिश लुक के साथ मार्केट में पसंद किए जा रहे हैं। बाजार में होल सेलरों के पास गर्मी के कपड़ों का नया कलेक्शन आ चुका है, जिसमें विभिन्न डिजाइन, पैटर्न और फैब्रिक के कपड़े उपलब्ध हैं, जो इस मौसम की जरूरतों के हिसाब से बिल्कुल फिट बैठते हैं*



### कम्फर्टेबल कुर्तियों और साड़ियों की बढ़ी मांग

पंडरी स्थित दुकानों में इस बार समर कलेक्शन का नया दौर शुरू हो चुका है, जिसमें महिलाओं के लिए खास कलेक्शन पेश किया गया है। दुकान संचालक ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा कलेक्शन लाया गया है, जिसमें वर्किंग महिलाओं के लिए कम्फर्टेबल कुर्ती-पेंट सेट, कॉटन साड़ी, प्रिंटेड और ब्लॉक प्रिंट में नए डिजाइनर कुर्तियों की बड़ी वैरायटी उपलब्ध है।

**फैशन के साथ गर्मी में सूती कपड़ों का बढ़ा चलन :** गर्मी के मौसम में फैशन के साथ-साथ आराम का भी खास ख्याल रखा जा रहा है। दुकान संचालक जय कुमार ने बताया कि इस बार गोटा वर्क कफ्तान, पेंट-कुर्ती सेट, प्रिंटेड और ब्लॉक प्रिंट, कॉटन कैम्ब्रिक में हैंड प्रिंटेड कुर्ती, चंदेरी गोटा वर्क और जयपुरी कुर्तियां और साड़ियां पेश की गई हैं। गर्मी के मौसम में ज्यादातर लोग आरामदायक कपड़े पहनना पसंद करते हैं, और सूती कपड़े इस सीजन के लिए एक बेहतरीन विकल्प साबित हो रहे हैं। सूती कपड़े न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि ये शरीर को ठंडक भी पहुंचाते हैं, जिससे गर्मी का असर कम होता है। खासकर उन महिलाओं के लिए जो लगातार काम करती हैं, ये डिजाइनर सूती ड्रेस बेहतर विकल्प साबित हो सकती हैं।



### मेन्स वियर के लिए डिजाइनर सेरवानी

गर्मी के मौसम में फैशन और आराम को ध्यान में रखते हुए पंडरी स्थित दुकानों में मेन्स वियर का नया कलेक्शन पेश किया गया है। दुकान संचालक नितेश ने बताया कि इस बार समर सीजन के लिए खास कॉटन और ऑर्गेनिक फैब्रिक में डिजाइनर सेरवानी तैयार किए गए हैं, जो शादी के सीजन में खासे लोकप्रिय होंगे। इसके अलावा, प्रिंटेड शर्ट्स, को-ऑर्ड सेट और हैवी प्रिंटेड शर्ट्स भी इस मौसम में फैशन में बने रहेंगे। गर्मियों के दौरान, मेन्स वियर में लाइट वेट और आरामदायक कपड़े की मांग ज्यादा होती है, खासकर ग्रुम के लिए हल्के और रंगीन सेरवानी और हैवी साफा तैयार किए गए हैं, जो उनकी पहली पसंद बन गए हैं।

**समाज लाइव**

## अध्ययन यात्रा पर देशभर से छत्तीसगढ़ पहुंचीं वन बंधु परिषद की महिलाएं



**रायपुर।** वन बंधु परिषद महिला समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी 3 दिवसीय अध्ययन यात्रा पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंची। इस दौरान मार्च में होने वाली वार्षिक जोनल बैठक की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि इस महत्वपूर्ण मौके पर रायपुर में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल ने जानकारी दी कि इस वनयात्रा में राष्ट्रीय पदाधिकारी कांकेर से कोंडागांव होते हुए चित्रकोट जलप्रपात का भ्रमण करेंगे। इसके बाद वे जगदलपुर जाएंगे और वहां शक्तिपीठ मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। साथ ही गीदम में 30 सेवानिवृत्त पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा तथा स्थानीय महिला समिति के साथ बैठक भी आयोजित की जाएगी। वनयात्रा के अंतिम चरण में पदाधिकारी केशकाल होते हुए चंपारण्य धाम पहुंचकर यात्रा का समापन करेंगे।

### जोनल बैठक के लिए समितियों का गठन

इस दौरान मार्च में आयोजित जोनल बैठक को सफल और प्रभावशाली बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया तथा पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। अध्यक्ष कांता सिंघानिया और सचिव सरिता रेखानी ने बताया कि बैठक के पश्चात राष्ट्रीय पदाधिकारियों की टीम ने 3 दिवसीय अध्ययन यात्रा की शुरुआत की। बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महिला समिति की संरक्षक पुष्पा मुंधड़ा (कोलकाता), अध्यक्ष विनीता जाजू (इंदौर), उपाध्यक्ष विमला दम्मानी (चेन्नई), संगठन सचिव पश्चिम एवं उत्तर क्षेत्र प्रीति बाहेती (जयपुर), संगठन सचिव पूर्व, दक्षिण एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र सरिता भंसाली (बेंगलुरु) समेत अन्य उपस्थित रहीं। यह यात्रा और बैठक वनबंधु परिषद के कार्यों और योजनाओं के सफल कार्यान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

**लाइव इवेंट**

## डेंटल इम्प्लांट आंख खोने, जबड़े और दांतों के इलाज का बेहतर विकल्प



**रायपुर।** कोविड के समय आंख खोने वालों ही नहीं, जबड़े और दांतों को भी सफलता से पुनर्वासित किया गया। कोनिकोसिस ब्लैक फंगस की वजह से सिलिकॉन के साथ म्यूकोरमाइकोसिस का इलाज किया गया। ऑरो-ऑर्बिटल दोष एक बड़ी चिकित्सा सफलता है। म्यूकोरमाइकोसिस रो-आर्बिटल दोष वाले पेशेंट को डेंटल इम्प्लांट का उपयोग कर राहत दी गई। एक वर्ष फॉलोअप के बाद रोगी ने उत्कृष्ट कार्यात्मक और सौंदर्य सुधार भी हुआ। गुरुवार को पत्रकारवार्ता में डॉ. नीरज कुमार चंद्राकर ने बताया कि सफल परिणाम प्राप्त करने के लिए कई चुनौतियों को पार करना पड़ा। संबंधित रोगी का उपचार-2022 में शुरू किया गया था। पेशेंट से समय-समय पर फीडबैक लिया गया। अब वे पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं।

### इलाज में सॉफ्टवेयर आधारित सर्जिकल प्लानिंग

प्रत्यारोपण से मिले अनुभव ने चुनौतियों पर काबू पाने में सहायता की। इलाज में सॉफ्टवेयर आधारित सर्जिकल प्लानिंग, उडी प्रिंटिंग, कंप्यूटर-गाइडेड सर्जरी, डिजिटल स्कैनिंग और डिजिटल प्रोस्थेटिक फैब्रिकेशन जैसी अंतर्राष्ट्रीय तकनीक का इस्तेमाल किया। इस उपचार को खास बनाने वाली बात डेंटल इम्प्लांट है। जो ऐसे रोग का इलाज करने के लिए उपयोग होने वाले कस्टमाइज्ड इम्प्लांट की तुलना में अधिक कारगर है। यह कस्टमाइज्ड पेरीओस्टियल इम्प्लांट की तुलना में किफायती और छोटी सर्जिकल प्रक्रिया है। यह आंख खोने, जबड़े और दांतों के इलाज के लिए बेहतर विकल्प है।

**सिटी इवेंट**

## सीआईसीएएसए रायपुर को मिला देश की सर्वश्रेष्ठ ब्रांच का प्रतिष्ठित सम्मान



**रायपुर।** आईसीएआई ने सीआईसीएएसए को सर्वश्रेष्ठ ब्रांच का खिताब दिया। आईसीएआई की ओर से दिल्ली में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में देशभर की 177 शाखाओं ने हिस्सा लिया, जिसमें आईसीएआई हेड ऑफिस ने रायपुर ब्रांच को सर्वश्रेष्ठ ब्रांच का सम्मान दिया, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर एक विशेष पहचान मिली है। इस मौके पर रायपुर के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और छात्रों ने खुशी जाहिर की। दिल्ली में हुए इस कार्यक्रम के मुख्य आतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रहे। इस दौरान कार्यक्रम में आईसीएआई के अध्यक्ष सीए रणजीत अग्रवाल और उपाध्यक्ष सीए चरणजीत सिंह नंदा ने रायपुर ब्रांच को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान रायपुर ब्रांच के प्रतिनिधि सीए चेयरमैन धवल शाह, सचिव सीए रश्मि वर्मा, सीआईसीएएसए चेयरमैन रवि जैन, वाइस चेयरमैन सीए विकास गोलछा, पूर्व चेयरमैन सीए रवि ग्वालानी, सीए अमित शर्मा, सीए मोहित अग्रवाल और सीआईसीएएसए टीम ने दिल्ली में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया।

### इसलिए मिला सर्वश्रेष्ठ ब्रांच का खिताब

सीआईसीएएसए चेयरमैन रवि जैन के नेतृत्व में छात्रों को बेहतर सीखने और विकसित होने का अवसर मिला, जिसमें उन्होंने इंडस्ट्रियल विजिट्स का आयोजन कर छात्रों को व्यावसायिक जगत की वास्तविकता से परिचित कराया। एग्जाम प्रिपरेशन सेमिनार आयोजित किए गए, जिससे छात्रों को परीक्षा की बेहतरीन तैयारी में मदद मिली। रायपुर में नेशनल टैलेंट सर्च प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक होस्ट किया गया, जिसमें देशभर के प्रतिभाशाली छात्रों ने हिस्सा लिया। देशभर के प्रतिष्ठित वक्ताओं और विशेषज्ञों के सेमिनार आयोजित किए गए, जिससे छात्रों को कॅरियर गाइडेंस और इंडस्ट्री इनसाइट्स प्राप्त हुए।

● गर्मी में कॉलेज गर्ल्स के बीच ग्लास फिनिश मेकअप का बढ़ा ट्रेंड

# गर्मी में चेहरे की चमक बरकरार रखने 'मेट फिनिश' मेकअप का चलन, शादी पार्टियों में बढ़ा रहा ग्लो



*रायपुर। बसंत का मौसम लगते ही राजधानी में गर्मी का एहसास होने लगा है, विंटर में ग्लोसी मेकअप के बाद अब गर्मी के मौसम में मेट फिनिश मेकअप का चलन है। इसमें गर्मी के दौरान भी चेहरे की चमक बरकरार रहती है। इसके अलावा थ्री-डी मेकअप, फोटो फ्रेंडली जैसे मेकअप महिलाएं और लड़कियां पसंद कर रही हैं। शहर के मेकअप आर्टिस्ट बताते हैं कि गर्मी के मौसम में मेट फिनिश मेकअप दुल्हनों में और कॉलेज गर्ल्स में ग्लास फिनिश मेकअप सबसे ज्यादा चल रहा है। चेहरे के हिसाब से अलग-अलग प्रकार के चेहरों के लिए अलग-अलग तरीके से मेकअप होता है।*

### गर्मी में कॉलेज गर्ल्स करें लांग लास्टिंग मेकअप

मेकअप आर्टिस्ट सपना बताती हैं, गर्मी के दिनों में चेहरे पर लगने वाले मेकअप पूरा फैल जाता है। ऐसे में कॉलेज गर्ल्स को गर्मी के समय में लांग लास्टिंग मेकअप का चेहरे पर उपयोग करना चाहिए। इसमें सबसे पहले चेहरे पर मेकअप फिक्सर, मेटीफाइंग प्राइमर और पावडर फिक्सर लगाते हैं, जिससे गर्मी में पसीना आने पर भी चेहरे से मेकअप निकलता नहीं और आकर्षण तथा चमक बनी रहती है। साथ ही ड्राई टिश्यू का उपयोग भी गर्मी में मेकअप को बनाए रखने के लिए करना चाहिए।

### गर्मी में पसीना भी नहीं बिगाड़ेगा मेकअप

गर्मी का मौसम आते ही पसीने और धूल से चेहरे पर लगे मेकअप को खराब होने की चिंता बढ़ जाती है, लेकिन अब नए मेकअप ट्रेंड्स ने इस समस्या का हल निकाल लिया है। इन दिनों गर्मी में खास तरह के लाइटवेट और लोंग-लास्टिंग मेकअप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल बढ़ा है, जिनसे पसीना और धूल भी आपके मेकअप को खराब नहीं कर पाते। मेकअप एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इन नए प्रोडक्ट्स में वाटरप्रूफ और स्मज-प्रूफ फॉर्मूले होते हैं, जो खासतौर पर गर्मी और उमस में लंबे समय तक टिकते हैं। ऐसे मेकअप से चेहरे पर न केवल एक खूबसूरत ग्लो आता है, बल्कि पसीने के बावजूद मेकअप की चमक बरकरार रहती है।



### आइस क्यूब मसाज से चेहरे पर निखार

मेकअप आर्टिस्ट ममता बताती हैं, गर्मी में वाटर बेस्ड मेकअप का उपयोग सबसे बेहतर होता है। इसमें सबसे पहले चेहरे पर आइस क्यूब से मसाज करते हैं, इसके बाद मेकअप लगाते हैं। इससे चेहरे पर पसीना नहीं आता। साथ ही आइसक्यूब मसाज से चेहरे पर ठंडक और निखार आता है, जिससे चेहरे की चमक बनी रहती है और डार्क स्पॉट्स भी कम होते हैं। वहीं गर्मी के मौसम में आंखों का काजल फैल जाता है, इसके लिए काजल के ऊपर ब्रश से ग्रे या ब्राउन आइशैडो का उपयोग करना चाहिए। मेकअप करने की नई तकनीकों और ट्रेंड्स में स्किनकेयर के साथ मेकअप को जोड़कर एक नया लुक तैयार किया जा रहा है। जिसमें सीरम और हाइड्रेटिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि पसीने के बावजूद त्वचा हाइड्रेटेड और सॉफ्ट रहे। इस नए मेकअप ट्रेंड का इस्तेमाल कर महिलाएं अब गर्मी के मौसम में भी बिना किसी चिंता के खूबसूरत दिख सकती हैं



### ब्राइड को मेट फिनिश मेकअप पसंद

शहर की दिवा ब्यूटी वर्ल्ड की संचालिका श्रुति बताती हैं कि गर्मी में दुल्हनों में मेट फिनिश मेकअप का चलन है। गर्मी के दिनों में दुल्हन को मेट फिनिश मेकअप में ऑइली चेहरे वाले ब्राइडल के लिए फायदा होता है। इसमें चेहरे पर हल्का-सा ही ब्रश चलाते हैं। वहीं ग्लास साइन मेकअप इसमें बिफोर फाउंडेशन स्किन के प्रिपरेशन में ही 6-7 प्रकार के प्रोडक्ट चेहरे पर अप्लाई करते हैं, इसके बाद मेकअप लगाते है। इससे चेहरा ग्लो होने के साथ हेल्दी होता है। चेहरा हाइड्रेटेड भी रहता है। इसका शुल्क 5000 रुपए से शुरू होता है।

### शादी पार्टी के लिए फोटो फ्रेंडली मेकअप

एंजल ब्यूटी पार्लर की संचालिका मिताली बताती हैं, आजकल गर्मी के सीजन में थ्री-डी मेकअप का चलन शहर में है। खासकर शादी पार्टी या खास कार्यक्रम के लिए महिलाएं और लड़कियां थ्री-डी मेकअप को लगाती हैं। इसे फोटो फ्रेंडली मेकअप भी कहते हैं। इसमें चेहरे में किसी भी प्रकार के डैमेज को कॉन्टोरिंग और हाइलाइटर से मेंटेन करते हैं, ताकि फोटो और वीडियो में चेहरे का शेप पूरी तरह से सही और आकर्षक लगे। आजकल शादी-पार्टी में सबसे ज्यादा लड़कियां यही मेकअप कराना पसंद कर रही हैं।

मंत्रोच्चारण के साथ की सिद्धचक्र महा यंत्र की अष्टप्रकारी पूजा

## 1008 पुण्यवंतों की मौजूदगी में जिनालय दादावाड़ी का भूमिपूजन, नूतन साधू-साध्वियों की बड़ी दीक्षा आज



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के कचना स्थित आनंदम वर्ल्ड सिटी में गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रूप से मनाया गया। इस दिन हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु और श्राविकाएं श्री मुनिसुव्रत जिनालय दादावाड़ी का भूमिपूजन महामहोत्सव के साक्षी बने। इस आयोजन में 1008 पुण्यवंतों ने दिव्य मंत्रोच्चार किया, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा की एक अद्भुत लहर दौड़ गई। सुबह के समय, सिद्धचक्र महापूजन का विशाल आयोजन हुआ। इस महापूजन समारोह में सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं ने पूजा की सामग्री के साथ सिद्धचक्र महायंत्र और परमात्मा का अभिषेक-पूजन किया। श्रावकों ने विशेष मंत्रोच्चारण के साथ दूध, जल, चंदन, अक्षत, गंध, फल, फूल आदि से सिद्धचक्र महा यंत्र की अष्टप्रकारी पूजा सम्पन्न की। जैसे ही पूज्य संतों ने दिव्य चमत्कारी मंत्रों और स्तोत्रों का सामूहिक रूप से संगान किया, पूरा वातावरण भावविभोर हो गया।

### मधुर गायन प्रस्तुतियों से श्रावक भावविभोर

कार्यक्रम के दौरान श्रावकों की भक्ति और श्रद्धा देखते ही बन रही थी। पूजा की प्रक्रिया के बाद श्रावक भक्ति की भावनाओं में झूमते हुए अपने ईष्ट देवता के प्रति आभार व्यक्त कर रहे थे। सिद्धचक्र महापूजन का यह आयोजन न केवल धार्मिक था, बल्कि एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व का भी था, जो सभी उपस्थित श्रावकों को अपनी गहरी छाप छोड़ गया। शाम को सांझी संगीत एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें गायक राहुल झाबक ने अपनी मधुर गायन प्रस्तुतियों से श्रावकों को भावविभोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने सभी को भक्ति में लीन कर दिया और इस कार्यक्रम का आध्यात्मिक अनुभव और भी गहरा कर दिया।

### भूमिपूजन महामहोत्सव का समापन आज

इसके साथ ही श्री मुनिसुव्रत स्वामी जैन श्वेतांबर संघ की ओर से अखिल भारतीय खर्तरगच्छ महासंघ के तत्वाधान में महातपस्वी मुनि श्री विरागमुनि के गणिपदारोहण और नूतन साधू-साध्वियों की बड़ी दीक्षा का आयोजन होने जा रहा है। सभी कार्यक्रम मनोज कुमार जी और बाबूमल जी हरण के मार्गदर्शन में बड़े धूमधाम से संपन्न हो रहे हैं। भूमिपूजन महामहोत्सव के समापन पर, शुक्रवार, 7 फरवरी को सुबह 7.30 बजे से विराट तपस्वी विरागमुनिजी के पवित्र निश्रा में गणि पदवी आरोहण और बृहत दीक्षा विधिविधान से प्रारंभ होगी। इस दीक्षा में सोमभद्र मुनि, सुहस्ति भद्र मुनि और साध्वी अरिष्ट लब्धि श्रीजी की निश्रा में बड़ी दीक्षा आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर नूतन दीक्षित साधू-साध्वियों को दीक्षा दी जाएगी, जिससे धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार होगा।



## नेत्रदान जागरूकता कार्यशाला, छात्रों और शिक्षकों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

**रायपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीडीह में छात्रों और शिक्षकों के लिए नेत्रदान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में समाजसेवी विक्रम हाशीकर ने नेत्रदान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और छात्रों को इसके महत्व से अवगत कराया। कार्यशाला में विद्यालय के प्राचार्य नितिन तलोकर ने शिक्षकों के साथ सहभागिता की और छात्रों को जागरूक करने के प्रयासों को सराहा। विक्रम हाशीकर ने बताया कि नेत्रदान से अंधेपन की समस्या से जूझ रहे लोगों को नई रोशनी मिल सकती है, जो समाज की भलाई के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।



### समाज में बढ़ावा देने का लिया संकल्प

प्राचार्य नितिन तलोकर ने कहा, इस कार्यशाला से समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और अधिक लोग इस नेक कार्य में भाग लेंगे, जिससे समाज के कल्याण में योगदान होगा। कार्यशाला के समापन पर कई छात्रों और शिक्षकों ने नेत्रदान करने का संकल्प लिया और इसे समाज में बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षक दिव्या शर्मा, पूजा दीप, कोमल बघेल, शोभना दीक्षित, यू. देवांगन और विद्यालय का अन्य स्टाफ भी उपस्थित था।

**कार्नर न्यूज**

महादेवघाट में रात्रि 12 बजे के बाद ज्योति कलश विसर्जित

## गुप्त नवरात्रि में माता का भव्य श्रृंगार, समापन पर कंकाली मंदिर में लगाया 56 भोग का प्रसाद

*रायपुर। माघ माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक गुप्त नवरात्रि मनाई गई। यह नवरात्रि गुप्त साधना करने वाले साधकों के लिए विशेष रही, जिन्होंने प्रतिष्ठित देवी मंदिरों में पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा से कामना की। शहर स्थित प्राचीन मंदिर मां महामाया और कंकाली देवी में नवरात्रि पर्व मनाया गया, इस अवसर पर श्रद्धालु मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए साधना करते रहे। गुरुवार को नवमी तिथि पर विशेष पूजन पाठ किया गया, इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए मंदिरों में बनी रही।*





### दुर्गा सप्तशती, सहस्त्रनाम पाठ का जाप

कंकाली मंदिर के पुजारी पं. आकाश शर्मा ने बताया कि गुप्त नवरात्रि के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना मंदिर में की गई। नवरात्रि के शुभारंभ से दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया, जो निरंतर नवमी की रात्रि तक जारी रहा। इस अवसर पर संध्या आरती के साथ 56 भोग की प्रसादी मां को अर्पित की गई, साथ ही माता कंकाली का विशेष श्रृंगार किया गया। गुरुवार को सहस्त्रनाम पाठ के साथ 108 कमल के फूलों से सोलह श्रृंगार भी किया गया।

### देवी मंदिरों में विशेष श्रृंगार

महामाया देवी मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि गुप्त नवरात्रि पर विशेष पूजा-अर्चना प्रथम दिन से शुरू रही। इस अवसर पर प्रथम तिथि से नवमी तिथि तक चंडी पाठ का जाप ब्राह्मणों द्वारा किया गया। नवरात्रि के समापन अवसर पर मां महामाया और मां समलेश्वरी देवी का फूल और चांदी के आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया गया। साथ ही सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में देखने को मिली, जो देर रात तक बनी रही।

### देर रात्रि ज्योति कलश का विसर्जन

महादेवघाट स्थित राधा-कृष्ण मंदिर के पुजारी दिनेश गिरी महाराज ने बताया कि गुप्त नवरात्रि का हवन पूजन अष्टमी में किया गया। वहीं नवमी लगते ही रात्रि 12 बजे के बाद मुख्य ज्योति कलश का गुप्त रूप से विसर्जन किया गया। इस दौरान मंदिर के पुजारियों की उपस्थिति बनी रही। यह ज्योति कलश मंदिर परिसर में राधारानी के नाम से प्रज्ज्वलित किया गया, जिसे शुभ मुहूर्त में विसर्जित किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आगाज



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी (एसआरयू) में तीन दिवसीय खेल महोत्सव पराक्रम 2025 की शुरूआत गुरुवार से हुई। इस खेल महोत्सव में विभिन्न विभागों के 1,000 से अधिक छात्र 12 उच्च-ऊर्जा खेल स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। जिसमें 5 इनडोर और 7 आउटडोर खेल शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं के उत्कृष्ट खिलाड़ी एस।आर।यू का प्रतिनिधित्व आगामी 21 फरवरी से 23 फरवरी तक होने वाले श्री रावतपुरा लोक कल्याण ट्रस्ट के इंटर-कैंपस खेल महोत्सव में करेंगे।

इनडोर खेलों में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम और खो-खो शामिल हैं, जबकि आउटडोर खेलों में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी, लंबी कूद और विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताएँ शामिल हैं। ये कार्यक्रम एसआरयू कैंपस के साइंस बिल्डिंग में हो रहे हैं, जो उत्साह और उमंग से भरा हुआ है।

भव्य उद्घाटन समारोह में प्रो-चांसलर एस।एस। बजाज, कुलपति प्रो। एस।के। सिंह और रजिस्ट्रार डॉ। सौरभ शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति देखी गई, जिन्होंने प्रतिभागियों को टीम भावना, अनुशासन और युवा बुद्धि को आकार देने में खेलों के महत्व के बारे में प्रेरक शब्दों में संबोधित किया। एस।एस। बजाज ने छात्रों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि-₹खेल लचीलापन और टीम वर्क सिखाते हैं और यह जीवन में सफलता के लिए आवश्यक गुण है।

### छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अखाड़ा नेशनल चैंपियनशिप में 17 मेडल जीते



**रायपुर।** 19 वीं राष्ट्रीय मर्दानी खेल आष्टेडु अखाड़ा प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने कुल 17 मेडल जीते, जिसमें 6 गोल्ड, 9 सिल्वर व 2 ब्रोंज मेडल शामिल हैं। छत्तीसगढ़ आष्टेडु मर्दानी अखाड़ा संघ के महासचिव अमन गुप्ता ने बताया कि यह खेल एक प्राचीन भारतीय मार्शल आर्ट विधा है जिसे खेल के रूप में विकसित किया गया है। 1 से 3 फरवरी तक महाराष्ट्र के नागपुर में 19वीं राष्ट्रीय मर्दानी खेल आष्टेडु आखाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पहली बार छत्तीसगढ़ की टीम ने भी हिस्सा लिया। टीम मुख्य कोच अमन गुप्ता और फैसल उद्दीन के साथ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 7 वर्षीय बालक केशव अग्रवाल ने अंडर 23 किलोग्राम में हस्तकला फाइट इवेंट और दानपत्ता फाइट इवेंट दोनों में ही गोल्ड मेडल जीता। वही बालिकाओं में 19 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग में 64 किलो ग्राम में चांदनी पैंकरा ने फरीगतका फाइट इवेंट में गोल्ड मेडल और हस्तकला फाईट इवेंट में सिल्वर मेडल जीती, 48 किलोग्राम में प्रिया मालाकार ने फरीगतका फाइट इवेंट में गोल्ड मेडल और स्पेयर बैलेंसिंग में भी गोल्ड मेडल जीती, दया बखला ने इसी आयु वर्ष में 52 किलोग्राम में फरीगतका के फाइट इवेंट में गोल्ड मेडल और हस्तकला फाईट इवेंट में सिल्वर मेडल जीते, 56 किलोग्राम में संजना सूर्यवंशी ने शिवकला इवेंट में सिल्वर मेडल और हस्तकला फाईट इवेंट में भी सिल्वर मेडल जीते।

प्रमिला ने 44 किलोग्राम में मर्दानीकला के फरीगतका फाईट इवेंट में सिल्वर मेडल, प्रगति सिंह पैंकरा ने अंडर 44 किलोग्राम हस्तकला इवेंट में सिल्वर मेडल, 16 वर्ष वर्ग में अंडर 40 किलोग्राम में रोनिका तिग्गा मर्दानी कला के शिवकला इवेंट में ब्रॉन्ज़ मेडल और स्पेयर बैलेंसिंग में सिल्वर मेडल जीते। 48 किलोग्राम में दिव्या राजवाड़े स्पेयर बैलेंसिंग में सिल्वर मेडल वहीं लड़कों में अंबिकापुर के 7 वर्षी कैशव अग्रवाल ने अंडर 23 किलोग्राम वर्ग में हस्तकला फाईट इवेंट में गोल्ड मेडल और दानपट्टा इवेंट में भी गोल्ड मेडल जीते।16 आयु वर्ष में अंडर 60 किलोग्राम में मोहम्मद साहिल अंसारी ने हस्तकला फाईट इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल, 40 किलोग्राम में आदित्य सोनकर ने स्पेयर बैलेंसिंग में सिल्वर मेडल जीते। महासचिव व मुख्य कोच अमन गुप्ता और फैसल उद्दीन को छत्तीसगढ़ आष्टेडु मर्दानी अखाड़ा संघ के अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया और कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय अम्बष्ट, सावित्री तिवारी, वासी ओवैसी, अंजली सिंह, मोहम्मद शेरावत और पल्लवी सहित सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### शरीर को डिटॉक्स रखने उठाएं जरूरी कदम

# रोज सुबह की ये एक आदत आपकी सेहत में ला सकती है बड़ा बदलाव, आज से ही करें शुरुआत

स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए खाली पेट नींबू पानी पीना एक आसान और प्रभावी तरीका माना जाता है। यह न केवल शरीर को डिटॉक्स करता है, बल्कि पाचन, वजन नियंत्रण, त्वचा, हृदय, और मस्तिष्क स्वास्थ्य में भी मदद करता है।

खान-पान में सुधार करके आप कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ पा सकते हैं। आप क्या खाते-पीते है इसका सेहत पर सीधा असर होता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को आहार में सुधार करने की सलाह देते हैं। रोजाना नींबू पानी पीना सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है, खासकर जब इसे सुबह खाली पेट पिया जाए। नींबू में विटामिन सी, एंटीऑक्सिडेंट्स और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को डिटॉक्स करने, पाचन सुधारने और इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं।

स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए खाली पेट नींबू पानी पीना एक आसान और प्रभावी तरीका माना जाता है। यह न केवल शरीर को डिटॉक्स करता है, बल्कि पाचन, वजन नियंत्रण, त्वचा, हृदय, और मस्तिष्क स्वास्थ्य में भी मदद करता है। वैज्ञानिक शोधों से भी यह सिद्ध होता है कि नींबू पानी नियमित रूप से पीने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। अगर आप वजन कम करने के लिए प्रयास कर रहे हैं तो नींबू पानी पीना आपके लिए अच्छा विकल्प हो सकता है।



### खाली पेट नींबू पानी पीने के लाभ

खाली पेट नींबू पानी पीना पाचन तंत्र को सुधारने, वजन घटाने से लेकर शरीर को डिटॉक्स करने और त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। यदि आप इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहते हैं, तो सुबह एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू निचोड़कर पीना सबसे अच्छा रहता है। हालांकि यदि आपको पेट में अल्सर, एसिडिटी रहती है तो पहले डॉक्टर से परामर्श जरूर लें। नींबू पानी सेहत को कई लाभ दे सकता है।

### पाचन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

नींबू पानी पेट में गैसट्रिक जूस (पाचन रस) के स्राव को उत्तेजित करता है, जिससे भोजन पचाने में मदद मिलती है। अध्ययनों में पाया गया है कि नींबू का साइट्रिक एसिड गैसट्रिक जूस के उत्पादन को बढ़ाता है, जिससे पाचन में सुधार होता है। खाली पेट इसके सेवन से आपको कई लाभ हो सकते हैं।



### वजन कम करने में मददगार

नींबू पानी शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे कैलोरी अधिक बर्न होती है और वजन घटाने में सहायता मिलती है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ओबेसिटी में प्रकाशित एक अध्ययन सेपता चलता है कि सुबह गुनगुना नींबू पानी पीने से मेटाबॉलिज्म दर 30% तक बढ़ सकती है। ये वेट लॉस करने में आपके लिए बहुत मददगार हो सकती है।

### शरीर से निकलती है गंदगी

नींबू पानी किडनी और लिवर के टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद



करता है, जिससे शरीर साफ रहता है। अध्ययन बताते हैं कि नींबू का एंटीऑक्सिडेंट गुण लिवर एंजाइम्स को एक्टिव करता है, जिससे डिटॉक्सिफिकेशन तेज होता है।

इम्युनिटी होती है मजबूत

नींबू में मौजूद विटामिन-सी सफेद रक्त कोशिकाओं (WBCs) को बढ़ावा देता है, जिससे बीमारियों से बचाव होता है। विटामिन-सी वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन से लड़ने की क्षमता को बढ़ाता है। नियमित रूप से नींबू पानी पीने से आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार होता है।

# भोजन पकाने के दौरान लोहे की कड़ाही और पतीले को बचाने बरतिए सावधानी



लोहे की कड़ाही का इस्तेमाल करते हैं, तो उसका सही रखरखाव भी आना चाहिए। क्या आपको पता है जाने-अनजाने में हम ऐसी गलतियां कर देते हैं जिससे लोहे की कड़ाही खराब होने लगती है? लोहे की कड़ाही और पतीले अधिकांश किचन का हिस्सा हैं। इन बर्तनों में पकाया गया खाना न सिर्फ स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। लेकिन अगर सही देखभाल न की जाए, तो यह जल्दी खराब हो सकते हैं।

### खट्टी चीजों को बिल्कुल न बनाएं

अगर आप लोहे की कड़ाही में खट्टे खाद्य पदार्थ जैसे कि टमाटर, इमली, नींबू या सिरका डालकर ज्यादा देर तक रखते हैं, तो इससे इसकी सतह कमजोर हो सकती है। खट्टे पदार्थों में एसिड होता है, जो लोहे के साथ रिएक्शन करके उसकी सतह को खराब कर सकता है और जंग लगने की संभावना को बढ़ा सकता है। इतना ही नहीं, इससे खाने का स्वाद भी बदल सकता है।

### नमी और पानी

लोहे की कड़ाही और पतीले को अगर गीला छोड़ दिया जाए, तो यह जल्दी ही जंग पकड़ सकते हैं। पानी के संपर्क में ज्यादा देर तक रहने से लोहे पर ऑक्सीडेशन की प्रक्रिया तेज हो जाती है, जिससे जंग लगने लगता है।

सावधानीः बर्तन धोने के बाद उसे तुरंत कपड़े से पोंछकर सुखा लें और हल्का-सा सरसों या नारियल का तेल लगाकर रखें। इससे जंग लगने की संभावना बहुत कम हो जाती है।

### डिटर्जेंट और साबुन का इस्तेमाल न करें

बहुत से लोग लोहे की कड़ाही को साफ करने के लिए हार्ड केमिकल्स वाले डिटर्जेंट या साबुन का इस्तेमाल करते हैं, जिससे इसकी प्राकृतिक कोटिंग हट जाती है। लोहे के बर्तन पर बनी यह कोटिंग इसे जंग से बचाने में मदद करती है। अधिक मात्रा में केमिकल वाले साबुन से इसे धोने से यह कोटिंग धीरे-धीरे खत्म होती है और बर्तन कमजोर हो जाता है। सावधानीः लोहे के बर्तनों को साफ करने के लिए हल्के गुनगुने पानी और नमक या राख का उपयोग करें। स्टील वूल की जगह मुलायम स्क्रबर का इस्तेमाल करें।

### तेज आंच पर बिना तेल के गर्म करना

कई बार लोग लोहे की कड़ाही को तेज आंच पर बिना किसी तेल या पानी के गर्म कर देते हैं। इससे इसकी सतह जल सकती है और बर्तन जल्दी खराब हो सकता है। लोहे के बर्तन को बिना तेल के ज्यादा गर्म करने से इसमें दरारें पड़ सकती हैं और यह खाने को जलाने लगता है। सावधानीः हमेशा लोहे की कड़ाही को धीमी आंच पर गर्म करें और पहले उसमें हल्का-सा तेल लगाकर गरम करें।

# घोड़े की मूर्ति का मुख घर में किस दिशा में रखनी चाहिए?

वास्तु शास्त्र में घर में रखी मुर्ति के लिए सही स्थान और दिशा के बारे में बताया गया है। अब ऐसे में घोड़े की मूर्ति के मुख घर की किस दिशा में रखना चाहिए। इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

घर की किस दिशा में घोड़े की मूर्ति रखें?

घर की उत्तर दिशा में घोड़े की मूर्ति रखना शुभ माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिशा में घोड़े की मूर्ति रखने से जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है और हंसी-खुशी का माहौल रहता है। इसके अलावा अगर किसी



व्यक्ति के व्यापार में किसी तरह की कोई परेशानी आ रही है, तो दुकान या ऑफिस में उत्तर दिशा तरफ रखने से लाभ हो सकता है और सौभाग्य में भी वृद्धि होती है।

इसके अलावा आप घर की दक्षिण दिशा में घोड़े की मूर्ति रख सकते हैं। इस दिशा में मूर्ति रखने से मान-सम्मान में वृद्धि होती है और जीवन में चल रही समस्याओं से भी छुटकारा मिल सकता है।घर में घोड़े की मूर्ति रखने का महत्व क्या है?

घोड़े को गति, शक्ति और सफलता का प्रतीक माना जाता है। घर में घोड़े की मूर्ति रखने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

घोड़े की मूर्ति को धन और समृद्धि का प्रतीक भी माना जाता है। इसे उत्तर दिशा में रखने से विशेष रूप से धन लाभ होने की संभावना बढ़ती है। घोड़े की मूर्ति रखने से करियर में प्रगति होती है और सफलता मिलती है। आपको बता दें, घोड़े की मुद्रा खुश और दौड़ती हुई होनी चाहिए। घर में घोड़े की मूर्ति रखने से मानसिक शांति भी मिल सकती है।



# हाथों में दिख रहे इन संकेतों को न करें नजरअंदाज, हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

अगर आपके हाथों में झुनझुनाहट है, पसीना आ रहा है, सूजन है तो इसे हल्के में ना लें। ये कई तरह की बीमारियों की तरफ इशारा करते हैं। कहते हैं हमारा चेहरा हमारी सेहत का हाल बताता है। लेकिन, सिर्फ चेहरा ही नहीं, हमारे हाथ भी स्वास्थ्य का आईना होते हैं। अगर आपके हाथ में कोई असामान्य लक्षण दिख रहे हैं,तो यह किसी स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकता है। आज हम आपको इस आर्टिकल में हाथों में दिखने वाले कुछ ऐसे ही संकेत के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इस बारे में हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौर ने जानकारी साझा की है।

### हाथों में दिख रहे इन संकेतों को न करें नजरअंदाज

**ठंडे हाथः**अगर आपके हाथ ठंडे रहते हैं, तो यह आयरन की कमी की तरफ इशारा करता है। हो सकता है कि आप एनीमिया से पीड़ित हों। ऐसे में आयरन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें जैसे, खजूर, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंजीर, मोरिंगा, किशमिश। इसके साथ ही, आप आयरन के बेहतर अवशोषण के लिए विटामिन सी लें, जिससे शरीर में आयरन का अवशोषण बेहतर हो सके।

### हाथों में पसीना आना



यह समस्या तब होती है जब शरीर की नसों के संकेत अधिक सक्रिय हो जाते हैं, जिससे अत्यधिक पसीना आता है। इसके लिए आप आप एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल करें। इससे त्वचा का पीएच संतुलित रहता है और पसीना कम आता है।

### हाथ और उंगलियों में सुन्नता

अगर आपके हाथों में झनझनाहट या सुन्नता महसूस होती है, तो यह विटामिन बी12 की कमी का संकेत हो सकता है। विटामिन बी 12 के लिए आप फर्मेंटेड खाद्य पदार्थ जैसे डोसा इडली, एग योक का सेवन करें।

### हाथों में कंपन

न यह तनाव का संकेत देता है। अत्यधिक तनाव के कारण हाथों में कांपने की समस्या हो सकती है। इसके लिए आप रात को सोने से पहले अश्वगंधा चाय का सेवन करें। यह मानसिक शांति प्रदान करता है।

### शुष्क या फटी हुई त्वचा

अगर आपकी हाथों की त्वचा बहुत ज्यादा रूखी हो रही है या फट रही है, तो यह एक्जिमा या सोरायसिस का संकेत हो सकता है। प्रभावित क्षेत्र पर ओटमील लगाएं और 10 से 15 मिनट बाद धो लें। इससे त्वचा में नमी बनी रहती है।

### सूजी हुई उंगली

यह गठिया का संकेत हो सकता है। इसमें जोड़ों में स्टिफनेस हो जाती है। इसके लिए आप 1 टीस्पून काले तिल को रातभर पानी में भिगोकर सुबह पानी पिएं और तिल को चबाएं। इससे जोड़ों की सूजन कम हो सकती है।





## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 50 साल में कंट्री ग्रैमी जीतने वाली पहली अश्वेत महिला बनीं बियॉन्से

बियॉन्से ने इतिहास रच दिया है। इस बार वह 50 वर्षों में देशी संगीत श्रेणी में ग्रैमी जीतने वाली पहली अश्वेत महिला बन गईं। बियॉन्से ने ₹II मोस्ट वांटेड₹ गीत



पर माइली साइरस के साथ सहयोग के लिए सर्वश्रेष्ठ कंट्री डुओ/ग्रुप परफॉर्मेंस के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीता। बियॉन्से ने 2025 ग्रैमी अवाड्र्स शाम में 11 नामांकन के साथ एंट्री की, जिसमें काउबॉय कार्टर के लिए एल्बम ऑफ द ईयर और बेस्ट कंट्री एल्बम के लिए मंजूरी भी शामिल है।

उनके हिट सॉन्ग 'टेक्सास होल्ड 'एम' को भी कई श्रेणियों में नामांकित किया गया था, जिसमें सॉन्ग ऑफ द ईयर, रिकॉर्ड ऑफ द ईयर और बेस्ट कंट्री सॉन्ग शामिल हैं। कंट्री श्रेणी में उनकी जीत ऐतिहासिक है, क्योंकि उन्होंने 50 साल की लंबे इंतजार को खत्म कर दिया है, जिससे बियॉन्से कंट्री ग्रैमी हासिल करने वाली पहली अश्वेत महिला बन गई हैं। डुओ या ग्रुप द्वारा सर्वश्रेष्ठ देशी गायन प्रदर्शन का पिछला रिकॉर्ड धारक 1975 में द पॉइंटर सिस्टर्स था।

प्रीमियर समारोह में बियॉन्से ने शाम का अपना पहला पुरस्कार भी जीता। अब तक वह कुल 33 ग्रैमी जीत चुकी हैं। हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, वह पहले से ही इतिहास में सबसे अधिक सम्मानित ग्रैमी कलाकार हैं। बियॉन्से ने साल 2023 में ग्रैमी अवॉर्ड जीतकर कंडक्टर जॉर्ज सोल्टी को पीछे छोड़ा था और ग्रैमी इतिहास में सबसे ज्यादा अवॉर्ड जीतने वाली सिंगर बन गई थीं। उस समय वह 32 ग्रैमी अवॉर्ड जीतने के बाद ऑल टाइम लीडर बन गईं। इस साल उन्होंने दो ग्रैमी अवॉर्ड जीते हैं।

### टॉलीवुड

## सुबह 4 बजे के शो का हाल देखकर रह जाएंगे दंग अजीत कुमार की फिल्म को मिला फैंस का प्यार

6 फरवरी को साउथ स्टार अजित कुमार की फिल्म 'विदामुयार्ची' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। पहले ही दिन के पहले शो में अजित कुमार की



फिल्म को लेकर जो क्रेज देखा गया, वो हैरान करने वाला रहा। थिएटर दर्शकों से भरे नजर आए। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म और अजित का जलवा देखकर दर्शक खुशी से थिएटर में नाचते हुए दिखे।

साउथ फिल्मों के नामी एक्टर अजित कुमार की फिल्म 'विदामुयार्ची' का दर्शकों को लंबे वक्त से इंतजार था। जैसे ही फिल्म रिलीज हुई दर्शकों ने इस पर अपना प्यार बरसाया दिया। फिल्म में रेजिन कैसंड्रा, त्रिशा कृष्णन भी हैं। फिल्म को मगिज थिरुमेनी ने निर्देशित किया है।

अजित कुमार की फिल्म 'विदामुयार्ची' का तमिलनाडु के थिएटर में सुबह 4 बजे का शो लगा। कोई नहीं सोच सकता है कि इतनी सुबह थिएटर हाउसफुल हो सकता है। लेकिन अजित का जलवा, जादू ही ऐसा है कि दर्शक उनकी फिल्म का शो देखने इतनी सुबह थिएटर आ गए। थिएटर के अंदर और बाहर दोनों जगह अजित के चाहने वाले नजर आ रहे थे।

सोशल मीडिया पर फिल्म 'विदामुयार्ची' के पहले दिन के पहले शो से जुड़े वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें अजित कुमार के फैंस थिएटर के अंदर खुशी में पटाखे फोड़ते हुए दिखे। सामने फिल्म चल रही है और दर्शक पटाखे फोड़ रहे हैं, सीटी बजा रहे हैं। एक सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में फिल्म 'विदामुयार्ची' देखने के बाद भी थिएटर के बाहर दर्शकों की भीड़ मौजूद नजर आ रही हैं। वह अजीत के गानों पर खूब नाच रहे हैं, गाना गा रहे हैं। अपने पसंदीदा स्टार की फिल्म रिलीज की खुशी को जाहिर कर रहे हैं। ऐसे ही कई वीडियो सोशल मीडिया पर मौजूद हैं, जो अजित कुमार के लिए फैंस के प्यार और क्रेज को दिखा रहे हैं।

### छॉलीवुड

## 'घर का बंटवारा' कराएगी परिवार की अहमियत का एहसास, पटना में शूटिंग

बिहार की राजधानी पटना में इन दिनों भोजपुरी फिल्म 'घर का बंटवारा' की शूटिंग जोरों पर चल रही है। फिल्म के निर्माता संजय पांडेय और निर्देशक



संजय कुमार श्रीवास्तव हैं। फिल्म का मुहूर्त धूमधाम से किया गया और इसकी कहानी एक पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो दर्शकों को परिवार और रिश्तों के ताने-बाने से जोड़ने का काम करेगी।

फिल्म में गौरव झा और संजना पांडेय मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इनके अलावा सुजान सिंह, कहना सिंह, साहिल खान, रोहित सिंह मथरू, सारधा नाभि, कंचन मिश्रा, सुबोध सेठ, काजल निषाद और चाहत भी अहम किरदार निभाते दिखेंगे। फिल्म की कहानी प्राण नाथ ने लिखी है और इसके संगीतकार साजन मिश्रा हैं।

निर्माता संजय पांडेय ने फिल्म को लेकर कहा, 'हमारी फिल्म परिवारिक मूल्यों और भावनाओं को दर्शाने वाली है। यह फिल्म हर उम्र के दर्शकों को जोड़ने का काम करेगी और उन्हें अपने परिवार की अहमियत का एहसास कराएगी।' एक्टर गौरव झा ने अपनी भूमिका को लेकर कहा, "घर का बंटवाराट केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि एक भावना है। इसमें पारिवारिक रिश्तों में आने वाले उतार-चढ़ाव को बहुत खूबसूरती से दिखाया गया है।

### 12 हजार घंटे में बनी ड्रेस

67वें ग्रैमी अवॉड्र्स में क्वीन लतीफा ने भारतीय डिजाइनर राहुल मिश्रा की डिजाइनर काली ड्रेस पहनी। इस ड्रेस को 12 हजार घंटे में तैयार किया गया। लॉस एंजेलिस में हुए 67वें ग्रैमी अवार्ड में भारतीय फैशन और शिल्पकला का यह शानदार पल देखना सभी के लिए सुखद अनुभव था।



लाइफ स्टाइल

## डार्क सर्कल की वजह से डल हो गया है चेहरा तो ये होममेड टिप्स करें फॉलो

अगर डार्क सर्कल्स की वजह से आपका चेहरे की सुन्दरता कम हो गई हैं तो आप इस आर्टिकल में बताए गए होम मेड टिप्स को फॉलो कर सकती हैं। आँखों के नीचे होने वाली डार्क सर्कल्स की वजह से चेहरे की सुंदरता कम हो जाती है और आपका चेहरा डल नजर आने लगता है। डार्क सर्कल्स होने की वजह तनाव, स्क्रीन का ज्यादा समय बिताना हो सकता है। इसी के साथ गलत खानपान की वजह से भी डार्क सर्कल की समस्या पैदा होती है। वहीं डार्क सर्कल को कम करने और चेहरे की सुंदरता कायम रखने के लिए हम आपको कुछ होम होममेड टिप्स बता रहे हैं। जो डार्क सर्कल की समस्या को कम करने में उपयोगी साबित हो सकते हैं।



**गुलाब जलः** गुलाब जल कई सारे गुणो से भरपुर है। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीसेप्टिक गुण त्वचा के लिए फायदेमंद है। ये सभी जहां स्किन से जुड़ी समस्या को कम करने में मददगार है तो वहीं ये चेहरे पर चमक लाने का काम भी करती हैं। वहीं गुलाब जल का इस्तेमाल करने से डार्क सर्कल की समस्या भी कम हो सकती है।

**इस तरह करें इस्तेमालः** गुलाब जल को कॉटन पैड में निकालें। उसके बाद इन्हें आँखों में रखें। इन्हें 10-15 मिनट तक रखें। ये उपाय हफ्ते में 2 से 3 दिन करें। ये काम रात को सोने से पहले करें।

**टी बैग्सः** डार्क सर्कल्स की समस्या को कम करने के आप टी बैग्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। टी बैग्स में एंटीऑक्सीडेंट्स समेत कई सारे गुण होते हैं जो त्वचा को स्वस्थ बनाने का काम करते हैं। वहीं डार्क सर्कल्स की समस्या को कम करने के लिए आप टी बैग्स उपयोगी है।

**इस तरह करें इस्तेमालः** एक कटोरी में गर्म पानी लें। इसमें टी बैग्स को को डुबो लें। इसके बाद इसे फ्रिज में ठंडा करें। इसे 15 मिनट के लिए आंखों पर रखें। ये काम रोजाना रात को करें।

## गर्दन का कालापन हो सकता है दूर, नहाने से पहले गेहूं के आटे में इसे मिलाकर लगाएं

अगर आप गर्दन के कालेपन से परेशान हैं, तो गेहूं के आटे और हल्दी से बना उपाय आपकी त्वचा की रंगत निखार सकता है। इसके नियमित उपयोग से गर्दन साफ और चमकदार बन सकती है। साथ ही, अन्य प्राकृतिक उपायों को भी अपनाकर त्वचा की देखभाल की जा सकती है।

दिन भर बाहर काम करने के बाद हमारी त्वचा में धूल और गंदगी जमा हो जाती है। चेहरे की गंदगी को आप शाम क फेस वॉश से साफ कर लेती हैं, लेकिन गर्दन में जमा मैल या गंदगी रोजाना साफ नहीं हो पाती।

गर्दन का कालापन एक आम समस्या है, जो कई कारणों से हो सकती है। धूल-मिट्टी, पसीना, हॉर्मोनल बदलाव, सही तरीके से सफाई न करना और सन एक्सपोजर इसके मुख्य कारण होते हैं।इससे त्वचा का रंग असमान हो जाता है, जिससे गर्दन काली दिखने लगती है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं और प्राकृतिक तरीके से इसे दूर करना चाहती हैं, तो नहाने से पहले गेहूं के आटे और हल्दी का पेस्ट लगाना एक बेहतरीन उपाय हो सकता है।

**गेहूं के आटे और हल्दी से गर्दन का कालापन दूर करें:** गेहूं का आटा और हल्दी दोनों



ही प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट के रूप में काम करते हैं। इनका नियमित उपयोग त्वचा को चमकदार और साफ बनाने में मदद करता है।

**गेहूं के आटे और हल्दी का पेस्ट बनाने की विधिः** एक कटोरी में गेहूं का आटा और हल्दी पाउडर मिलाएं। इसमें गुलाब जल या दूध डालकर गाढ़ा पेस्ट बना लें।चाहें तो इसमें शहद भी मिला सकते हैं, जिससे त्वचा को नमी मिलेगी।

सबसे पहले गर्दन को हल्के गुनगुने पानी से साफ करें। तैयार पेस्ट को गर्दन पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। इसे 15-20 मिनट तक सूखने दें। हल्के गीले हाथों से रगड़कर पेस्ट को निकालें और फिर पानी से धो लें।

## चाहती हैं अट्रैक्टिव लुक तो स्टाइल करें ये खूबसूरत डिजाइंस वाले ए-लाइन ड्रेसेस




हर प्रेमी जोड़े के लिए फरवरी का महीना काफी खास होता है। क्योंकि, इस महीने की 14 तारीख को वेलेंटाइन्स डे मनाया जाएगा इस दिन कपल अपने पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते हैं ताकि उनके बीच ये प्यार यूं ही बना रहे। इस खास को यादगार बनाने के लिए कई कपल डिनर डेट का प्लान करते हैं। इस दिन जहां मेल पार्टनर काफी तैयारी भी करते हैं तो इसी के साथ फीमेल पार्टनर सी दिन स्टाइलिश लुक के बेस्ट ड्रेस अक चुनाव करती हैं। लेकिन, अगर इस खास मौके पर आप अट्रैक्टिव लुक चाहती हैं साथ ही भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप ये खूबसूरत डिजाइंस वाले ए-लाइन ड्रेसेस वियर कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस न्यू, स्टाइलिश साथ ही अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती हैं।



अगर आप कुछ भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह की ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस डिनर डेट पर जाने के दौरान स्टाइल करने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस में आपका लुक सबसे अलग और अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह की प्रिंटेड ड्रेस आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगी जिसे आप 1,000 रूपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

इस ड्रेस के साथ आप हाथों में ब्रेसलेट या कंगन साथ ही झुमके वियर कर सकती हैं। इसी के साथ फुटवियर में स्टाइलिश हील्स वियर कर सकती हैं। आप वहीं बालों को आप खुला करके स्टाइल कर सकती हैं।

### ए-लाइन स्लीवलेस ड्रेस

ए-लाइन ड्रेस में आप इस तरह की लॉन्ग स्लीवलेस ड्रेस का भी चुनाव कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस डिनर डेट पर स्पेशल लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है और इस ड्रेस में आपका लुक बेहद ही स्टाइलिश नजर आएगा। इस तरह की ड्रेस आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएगी और इस ड्रेस को आप 1,500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ लॉन्ग इयररिंग्स साथ ही फुटवियर में हील्स या फ्लैट्स पहन सकती हैं। अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस तरह की ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं।

## आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ा देंगे बिछिया के खास डिजाइन

जब भी सुंदरता की बात आती है, तो कई सारे लोग सिर्फ अपने आउटफिट और मेकअप पर ध्यान देते हैं। लेकिन हर बार जरूरी नहीं कि आपकी खूबसूरती सिर्फ कपड़े और मेकअप से बढ़े। इसके लिए आपको पैरों की सुंदरता का भी ध्यान रखना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपका लुक अच्छा लगता है। इसके लिए आप अलग-अलग डिजाइन वाली बिछिया को खरीद सकती हैं। इससे आपके पैर अच्छे नजर आएंगे। आप पैरों की सुंदरता को बढ़ाने के लिए तीन स्टोन वाली बिछिया को वियर कर सकती हैं। इस तरह की बिछिया पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह की बिछिया को पहनने के लिए आपको दोबारा सोचना भी नहीं पड़ेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि ये छोटी होती है, तो ये ऑफिस में भी आप पहनकर जा सकती हैं। इससे आपकी उंगलियों को भी परेशानी नहीं होगी। इस तरह की बिछिया आपको चांदी में आसानी से मिल जाएगी।

**कर्व डिजाइन वाली बिछियाः** पैरों में अगर आपको कुछ नया डिजाइन ट्राई करना है, तो इसके



लिए आप कर्व डिजाइन वाली बिछिया को वियर कर सकती हैं। इस तरह की बिछिया पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे आपका लुक भी अच्छा नजर आएगा। इस तरह की बिछिया में आपको आगे की तरफ स्टोन के साथ कर्व वाला डिजाइन मिलेगा। इससे आप बिछिया को उंगलियों में एडजेस्ट कर सकती हैं।

सिंपल स्टोन डिजाइन बिछिया

कार्नर न्यूज

### इस मौसम में शानदार ड्रेसिंग सेंस के साथ अपनाइए बेस्ट फैशन

## चुभन वाली गर्मी के आने से पहले मेंस फैशन के लिए कुछ खास टिप्स, मिलेगा आपको स्टाइलिश लुक

सर्दियां अब जा रही है और चुभन वाली गर्मी अभी आई नहीं है। ऐसे मौसम में पुरुषों में फैशन का क्रेज पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ गया है। जब आप अच्छे से तैयार होते हैं, तो इससे आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हो सकती है। सही कपड़े पहनने से आप अपने आप को बेहतर महसूस करते हैं और इस आत्मविश्वास का असर आपके व्यवहार और बातचीत पर भी पड़ता है।

हर मौके के लिए अलग स्टाइल

अच्छे कपड़े और फैशन का मतलब हमेशा स्टाइलिश दिखना नहीं होता। यह भी ज़रूरी है कि कपड़े आपके शरीर के प्रकार और फिट के अनुसार सही हों, ताकि आप ज्यादा आरामदायक और फिट महसूस कर सकें। एक इंटरव्यू, पार्टी या फिर रोज़मर्रा की ज़िंदगी के लिए अलग-अलग तरह के फैशन हो सकते हैं।

आकर्षक लुक पाने के लिए रखें इन चीजों का ध्यान

पुरुष अक्सर खुद को स्टाइलिश और ट्रेंडी तरीके से रखने की



कोशिश करते हैं। इसके बावजूद कभी-कभी मनचाहा लुक पाना मुश्किल हो सकता है। आकर्षक लुक पाने के लिए सही एक्सेसरीज का चयन करना बहुत ज़रूरी है। सनग्लास, वॉलेट और बेल्ट जैसी ज़रूरी चीज़ें, स्टाइलिश या स्मार्ट वॉच के साथ मिलकर पुरुषों के पहनावे को काफ़ी हद तक निखार सकती हैं।

### सही शर्ट का चयन करना जरूरी

जब शर्ट की बात आती है तो विकल्प बहुत सारे हैं, जो विभिन्न अवसरों के लिए उपयुक्त हैं। पुरुष कैजुअल मैंडरिन कॉलर शर्ट, डेनिम स्लिम कैजुअल शर्ट, प्लेन फिट कैजुअल शर्ट, सॉलिड रेगुलर फिट कैजुअल शर्ट और नॉर्मल कॉटन शर्ट जैसी शर्ट की एक सीरीज से अपने हिसाब से चयन कर सकते हैं।

### ऐसे करें सही जूतों का चुनाव

जूतों का चुनाव किसी भी पहनावे को पूरा करने में अहम भूमिका निभाता है। काले जूते ऑफिश्यली मौकों के लिए एक क्लासिक विकल्प हैं और ऑफिस मीटिंग या इवेंट के लिए भी उतने ही अच्छे हैं। जो लोग अपने लुक में स्टाइल को जोड़ना चाहते हैं, उनके लिए रेड टेप फॉर्मल शूज़ एक फैशनेबल विकल्प है।



### सही कोट और पैंट कैसे चुने

कोट और पैंट में बेहतरीन लुक पाने के लिए पुरुष कई तरह के स्टाइल आजमा सकते हैं जैसे कि टाइप अप कोट, स्लिम फिट सिंगल-ब्रेस्टेड सूट, स्लिम फिट सूट और फुल शोल्डर डिज़ाइन वाले स्लिम कट 3डी कोट पैंट। इसके अलावा कैजुअल और स्लिम फिट ब्लेज़र उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प हैं जो ज़्यादा आरामदायक लुक चाहते हैं।